

पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

अमीषा पटेल ने मचाई खलबली


मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 41 ■ अंक : 295 ■ शुक्रवार, 23 फरवरी 2024 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

ANDROID APP ON Google play /ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com


# 8 सफाई कर्मचारी 9 साल से लापता!

■ उल्हासनगर मनपा ने 3 साल में 11 लोगों को बर्खास्त किया




**उल्हासनगर.** फर्जी दस्तावेज व गायब हुए करीब 11 कर्मचारियों को महानगरपालिका ने पिछले तीन साल में बर्खास्त करने का खुलासा किया है. 8 सफाई कर्मचारियों का 9 साल से कोई अता-पता नहीं है.

उल्हासनगर मनपा प्रशासन में हमेशा से ही फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नौकरी पाने की चर्चा मनपा गलियारे में रहती है. आखिरकार शिकायत के बाद जब मनपा प्रशासन ने जांच की तो एक अधिकारी समेत दो सफाईकर्मी दोषी पाए गए. मनपा आयुक्त अजीज शेख और उपायुक्त अशोक नाइकवाड़े ने उन्हें बर्खास्त कर दिया.

इसके बाद जांच में पता चला कि मनपा स्वास्थ्य विभाग के 46 सफाई कर्मचारी कुछ वर्षों से अनुपस्थित हैं, मनपा ने कर्मचारियों का पता लगाने के लिए एक जांच शुरू की, तो 46 में से पहले 26 और फिर 9 सफाई कर्मचारियों की लोकेशन और ट्रेसिंग के बाद उन्हें मनपा की सेवा में शामिल होने के लिए कहा गया था. इसके लिए उन्हें जेजे हॉस्पिटल से फिटनेस सर्टिफिकेट लाना जरूरी था। उपायुक्त अशोक नाइकवाड़े ने बताया कि फिटनेस प्रमाण पत्र लाने के बाद उन्हें मनपा सेवा में शामिल कर लिया गया.

मनपा के 46 में से 35 सफाई कर्मचारी सेवा में सम्मिलित हो गये हैं तथा साथ ही उपायुक्त अशोक नाइकवाड़े ने स्पष्ट किया कि इन सफाईकर्मियों को अनुपस्थिति अवधि का कोई सरकारी लाभ नहीं मिलेगा. शेष 11 कर्मचारियों एवं अधिकारियों में से 1 अधिकारी एवं 2 सफाई कर्मचारियों के स्कूल के दस्तावेज फर्जी पाये जाने पर उन्हें मनपा सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। इसलिए 8 सफाई कर्मचारी अभी भी लापता हैं. मनपा ने ऐसे लापता सफाई कर्मचारियों और उनके रिश्तेदारों की तलाश के लिए अखबार में विज्ञापन भी दिया था. उपायुक्त अशोक नाइकवाड़े ने बताया है कि लापता सफाई कर्मचारी 9 साल से अधिक समय से अनुपस्थित हैं और उनके किसी भी रिश्तेदार ने मनपा से एक बार भी संपर्क नहीं किया है.

मनपा द्वारा 3 साल पहले लाड-पागे उत्तराधिकार नीति के तहत की गई कई नियुक्तियां विवादों में घिर गई हैं। रक्त या जाति के किसी भी रिश्ते के बिना वारिस हक के आधार पर की गई नियुक्तियाँ अमीरों द्वारा छीन ली गई हैं और श्रमिकों के असली उत्तराधिकारी नगर पालिका के आसपास नौकरियों के लिए चक्कर काट रहे हैं।

## क्राइम डायरी...

### एक्टिवा चोरी

**अंबरनाथ.** मक्का मस्जिद के पास स्थित बिल्डिंग के नीचे खड़ी की गई एक्टिवा चोरी हो गई. अंबरनाथ पुलिस ने मामला दर्ज किया है.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फिर्यादी शबीना मोहम्मद बलबले (55) सोनी अपार्टमेंट, न्यू कालोनी, मक्का मस्जिद के पास, अंबरनाथ पश्चिम में रहती हैं. उन्होने अपनी एक्टिवा (क्र. एमएच 05 बीएन 8562) अपनी बिल्डिंग के नीचे ही पार्क की थी. मंगरवार की शाम 7 बजे से बुधवार की सुबह 6.45 बजे के दरम्यान एक्टिवा कोई चोरी कर ले गया. अंबरनाथ पुलिस ने भादंसं की धारा 379 के तहत अपराध दर्ज किया है.

# समृद्धि महामार्ग का तीसरा चरण जल्द ही यातायात के लिए खुलेगा!



**कल्याण.** देश में सबसे लंबे, समृद्धि राजमार्ग का तीसरा भरवीर-इगतपुरी चरण पूरा हो चुका है और जल्द ही इसे यातायात के लिए खोल दिया जाएगा। भले ही यह चरण केवल 25 किमी लंबा है, लेकिन इससे घोटी-सिन्नार मार्ग पर यात्रा करने वाले वाहन चालकों के लिए लगभग डेढ़ घंटे की बचत होगी और वे इगतपुरी से केवल दो किलोमीटर दूर समृद्धि राजमार्ग तक पहुंच सकेंगे। इससे भिवंडी से इगतपुरी तक नासिक राजमार्ग पर यातायात की भीड़ कम हो जाएगी।

महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम (एमएसआरडीसी) ने राज्य की राजधानी मुंबई और उप-राजधानी नागपुर के बीच की दूरी को कम करने के साथ-साथ यातायात को बढ़ावा देने के लिए कुल 701 किलोमीटर लंबे महामार्ग का काम शुरू किया है।

पहले चरण में नागपुर-शिरडी और दूसरे चरण में शिरडी-भरवीर के बीच काम पूरा करने के बाद 600 किलोमीटर महामार्ग को यातायात के लिए खोल दिया गया है।

भरवीर-ठाणे जिले के आमने तक 101 किमी हाईवे का काम अभी भी चल रहा है। एमएसआरडीसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अब भरवीर से इगतपुरी तक 25 किलोमीटर का काम पूरा हो चुका है और इसे जल्द ही खोला जाएगा।

वर्तमान में समृद्धि राजमार्ग नासिक जिले के भरवीर तक पूरा हो चुका है और यातायात के लिए खुला है। इसलिए मुंबई-ठाणे से संभाजीनगर, नागपुर की ओर जाने वाले वाहन चालक यदि समृद्धि हाईवे पर जाना चाहते हैं, तो उन्हें ठाणे, भिवंडी, कल्याण क्षेत्र में ट्रैफिक जाम के साथ-साथ घोटी-सिन्नर मार्ग पर भी ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ता है। इसके बाद भरवीर इंटरचेंज से होते हुए समृद्धि मार्ग पर जाना होता है, लेकिन अब यदि भरवीर-इगतपुरी चरण शुरू हो जाता है, तो वाहन चालक इगतपुरी से सीधे समृद्धि मार्ग पर जा सकेंगे, जिससे समय और ईंधन की काफी बचत होगी।

# 2 अवैध शराब की हाथभट्टियों पर छापा

■ 2 लाख 41 हजार का माल बरामद



**उल्हासनगर.** हिललाइन पुलिस थाना अंतर्गत वाड़ी खदान के पीछे अवैध देशी शराब की हाथभट्टी पर पुलिस ने छापा मारा और यहां शराब बनाने के काम आनेवाला 1 लाख 80 हजार रुपए का सामान बरामद किया. वहीं मांगरूल गांव में गावठी दारू बनाने का 61 हजार रुपए का सामान जब्त किया है.

मिली जानकारी के अनुसार हिललाइन पुलिस ने बुधवार की दोपहर में वाड़ीत खदान के पाछे आरमशी कंपनी की जमीन पर अवैध रूप से चलाई जा रही हाथभट्टी पर छापा मारा. यहां से पुलिस ने गावठी शराब बनाने में उपयोग होने वाला गुड़, नौसादर मिश्रित रसायन (वाश) आदि बरामद किया, जिसकी कीमत 1 लाख 80 हजार रुपए है. हिललाइन पुलिस ने हाथभट्टी चलानेवाले रमेशभाऊ पावसे के खिलाफ महाराष्ट्र प्रोहिबिशन एक्ट की धारा 65 (फ) के तहत अपराध दर्ज किया है. पुलिस नाईक सोनावणे जांच कर रहे हैं.

वहीं हिललाइन पुलिस ने बुधवार की शाम को 4.15 बजे के करीब मांगरूल गांव में पप्पू पाटिल के घर के पीछे अवैध हाथभट्टी पर छापा मारकर 61 हजार रुपए का गुड़, नौसादर मिश्रित रसायन (वाश) आदि बरामद किया है. यहां पुलिस ने विष्णु विकास पाटिल (निवासी मांगरूल) के खिलाफ मामला दर्ज किया है. इस मामले जांच पुलिस नाईक कोली कर रहे हैं.

### हत्या के मामले में शिवसेना उपप्रमुख समेत 7 गिरफ्तार

**भिवंडी.** नाबालिग लड़के का अपहरण कर पीट-पीटकर हत्या करने के मामले में शिवसेना उपशहर प्रमुख कैलास धोत्रे और 2 आरोपी को शहर पुलिस टीम ने देर रात गिरफ्तार कर लिया है। जबकि एक आरोपी को भिवंडी क्राइम ब्रांच टीम ने गिरफ्तार किया है। इस तरह इस हत्याकांड में गिरफ्तार आरोपियों की संख्या सात तक पहुंच गई है। पुलिस के अनुसार इन गिरफ्तार तीन आरोपियों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया गिरफ्तार आरोपियों को 26 फरवरी तक पुलिस हिरासत में भेजने का आदेश दिया है।

# उल्हासनगर के लोगों को बसों का बेसब्री से इंतजार

■ उल्हासनगर मनपा की ई-बस सेवा जल्द होगी शुरू



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर के लोगों को मनपा की परिवहन बस सेवा का बेसब्री से इंतजार है. महानगरपालिका की इलेक्ट्रानिक बस सेवा जल्द ही शुरू होने जा रही है. जिसके लिए पहले बनाए गए पुराने बस स्टैंड की जगह पर ही नया बस स्टैंड बनाया जाने वाला है.

जब अजीज शेख ने आयुक्त का पदभार संभाला तो उन्होंने ठप पड़ी परिवहन सेवा को फिर से शुरू करने के लिए ठोस प्रयास किये. अजीज शेख द्वारा मुख्यालय के उपायुक्त अशोक नाइकवाडे, वाहन प्रबंधक विनोद केने को निविदा प्रक्रिया को संभालने का आदेश देने के बाद पुणे स्थित कंपनी ने पहल की। इस कंपनी की ओर से भोसरी स्थित फैक्ट्री में 20 इलेक्ट्रॉनिक बसें बनाने का काम शुरू हो गया है. मनपा आयुक्त अजीज शेख ने मनपा टीम के साथ फैक्ट्री का दौरा किया और बस का निरीक्षण किया.

पांच बसें पूरी होकर शहर में प्रवेश कर चुकी हैं, लेकिन चूंकि ये बसें इलेक्ट्रॉनिक हैं, इसलिए इन्हें चार्जिंग की जरूरत पड़ती है। इसके लिए शहाड के पास पैराडाइज में चार्जिंग स्टेशन लगाने का काम चल रहा है. साथ ही पुराने बस स्टॉप के स्थान पर नये बस स्टॉप बनाने की प्रक्रिया भी संभाली जायेगी.

### 2014 से बंद है मनपा की परिवहन सेवा

गौरतलब है कि 2009 में, राजा गेमनानी की केस्ट्राल कंपनी को मनपा परिवहन सेवाओं को संभालने का ठेका दिया गया था। उस समय गेमनानी ने कैंप नंबर एक से पांच तक के क्षेत्र में मुख्य सड़क पर 15 बस स्टॉप का निर्माण कराया था. गेमनानी ने पांच साल तक परिवहन सेवा का प्रबंधन किया, लेकिन डीजल की कीमत में लगातार वृद्धि सहित बसों के खराब होने के कारण, राजा गेमनानी ने 2014 में परिवहन सेवा बंद कर दी।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु जन-जागरूकता कार्यक्रम




**ठाणे.** भारत निर्वाचन आयोग ने आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए व्यापक जन जागरूकता करने का निर्देश दिया है। तदनुसार, ठाणे जिले के 23-भिवंडी, 24-कल्याण और 25-ठाणे लोकसभा क्षेत्रों के लिए अलग-अलग स्वीप नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए उनके साथ-साथ जिला कार्यालय द्वारा भी विभिन्न नवीन मतदाता जागरूकता गतिविधियाँ क्रियान्वित की जा रही हैं।

'मतदाता राजा उठो, वोटिंग के लिए तैयार हो' कार्यक्रम 25 जनवरी को उपजिला चुनाव अधिकारी द्वारा ठाणे के विवियाना मॉल में लॉन्च किया गया था। इसके अलावा 17 फरवरी को शाम 5:00 बजे कोरम मॉल, ठाणे में संगीत प्रस्तुति और क्विज़ कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस कार्यक्रम में नागरिकों से आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान करने की अपील की गयी. मतदाता पंजीकरण के लिए आवेदन पत्र क्रमांक 6 के साथ ही मतदाता हेल्पलाइन के बारे में जानकारी दी गई। उपस्थित नागरिकों से मतदाता पंजीकरण के संबंध में प्रश्न पूछे गये तथा मतदाता जागरूकता हेतु बनाये गये कप वितरित किये गये। नागरिकों ने इस कार्यक्रम पर उत्साहपूर्वक प्रतिक्रिया व्यक्त की। ठाणे उपजिला चुनाव अधिकारी अर्चना कदम ने जानकारी दी है कि भविष्य

# तलोजा जेल में सजा काट रहा कैदी फरार घोषित

■ कोरोना में मिली थी 45 दिन की प्रामिसरी लीव

■ कल्याण से वापस नहीं लौटा जेल



**कल्याण.** कल्याण के कोलीवाड़ा इलाके में रहने वाला और एक अपराध के लिए तलोजा जेल में सजा काट रहा एक कैदी पिछले तीन साल से फरार है. तलोजा जेल प्रशासन को दिए गए प्रतिज्ञापत्र के अनुसार, कैदी को निर्धारित समय के भीतर जेल में लौटना था, लेकिन यह कैदी जेल में दाखिल नहीं हुआ, तो तलोजा जेल प्रशासन ने शुक्रवार को इस कैदी के खिलाफ बाजार थाने में शिकायत दर्ज करायी. जेल प्रशासन ने इस कैदी को फरार घोषित कर दिया है.

फरार कैदी की पहचान गणेश श्रीराम तायडे (30, कोलीवाड़ा, कल्याण पश्चिम) के रूप में हुई है। आरोपी गणेश तायडे के खिलाफ सात साल पहले कामोठे पुलिस स्टेशन में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था. इस अपराध के सिलसिले में कामोठे पुलिस ने पनवेल कोर्ट में मामला दर्ज किया था. कोर्ट ने आरोपी गणेश तायडे को तीन साल की सजा और 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई.

गणेश तलोजा जेल में सजा काट रहा था. इसी दौरान कोरोना महामारी के दौरान राज्य के सभी कैदियों को रिहा कर दिया गया था. अपनी छुट्टी के दौरान, गणेश को प्रतिदिन कल्याण में रहते हुए एक दिन के लिए बाजार पुलिस स्टेशन में उपस्थित होना पड़ता था। वहीं सरकारी आदेश के अनुसार उसे निर्धारित समय के भीतर तलोजा जेल में उपस्थित होना था।

कल्याण में उसके घर पर पुलिस द्वारा बार-बार नोटिस दिए जाने के बावजूद उसने उन नोटिसों का जवाब नहीं दिया। गणेश 45 दिन की प्रॉमिसरी लीव पर था, जिसे जून 2022 में जेल में पेश होना था। दो साल बाद भी गणेश तलोजा जेल में पेश नहीं हुआ. बार-बार समझाने के बावजूद गणेश अवैध रूप से फरार हो गया है। इसलिए तलोजा जेल प्रशासन के कांस्टेबल नवनाथ सावंत की शिकायत पर पुलिस ने बाजार पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया है.

# अंबरनाथ संभाजी ब्रिगेड द्वारा गरीब विद्यार्थियों में स्कूली सामग्री वितरित

यूसुफ शेख



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ संभाजी ब्रिगेड द्वारा इस वर्ष शिवजयंती पर विद्यार्थियों में शालेय सामग्री वितरित करके मनाई गई. ब्रिगेड के शहराध्यक्ष सुनिल अहिरे के हाथों सोमवार को छत्रपति शिवाजी महाराज के पुतले को पुष्पहार अर्पण करके अपने पदाधिकारी व कार्यकर्ता के साथ पश्चिम भाग के जावसई में द युवा यूनिटी फाउंडेशन के विद्यार्थियों में शालेय सामग्री वितरित की गई.

विदित हो कि द युवा यूनिटी फाउंडेशन के माध्यम से महेंद्र नगर परिसर में गरीब बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दी जा रही है. इस विद्यार्थियों को शैक्षणिक सहायता प्रदान की गई है. संभाजी ब्रिगेड के शहराध्यक्ष सुनिल अहिरे की संकल्पना से जिलाध्यक्ष सतीश पाटिल, सचिव हेंद्रे, परमेश्वर बनकर, शहर कार्य अध्यक्ष प्रफुल्ल थोरात की उपस्थिति में निःशुल्क शालेय सामग्री वितरित की गई. द युवा यूनिटी फाउंडेशन के अध्यक्ष योगेश चलवादी ने संभाजी ब्रिगेड का आभार व्यक्त किया. इसी दरम्यान अखिल भारतीय मानवाधिकार संघटना के महाराष्ट्र प्रभारी अजय राव चिरिवेला ने द यूनिटी फाउंडेशन के अच्छे कार्य को देखते हुए फाउंडेशन को 11 हजार रुपयों की आर्थिक मदद दी. उस समय संभाजी ब्रिगेड के पदाधिकारी, पत्रकार, फाउंडेसन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता पालक बड़ी संख्या में उपस्थित थे. सुनिल अहिरे ने कहा है कि गरीब बच्चों में शिक्षा के प्रति लगाव बढ़े, वह पढ़ लिखकर तरक्की करें इसलिए उन्होंने छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती पर विद्यार्थियों में शालेय सामग्री वितरित की है.

# उल्हासनगर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन : महेश सुखरामानी



**उल्हासनगर.** महाराष्ट्र राज्य सिंधी साहित्य अकादमी, मुंबई और सिंधी कलाकार संगम द्वारा सिंधु यूथ सर्कल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है इस कार्यक्रम मे उल्हासनगर वासी शामिल होकर कलाकारों को प्रोत्साहन देकर उनको प्रगति पर ले जाए और नाटक के माध्यम से कलाकारों द्वारा झांकी दिखाई जाएगी ।महाराष्ट्र राज्य सिंधी साहित्य अकादमी के कार्य अध्यक्ष महेश सुखरामानी ने जानकारी देते हुए कहा कि सिंधी कलाकार संगम द्वारा यहां पर सिंधी नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे

व्यापारी की सेवानिवृत्ति को लेकर यहाँ पर एक बहुत अच्छा नाटक प्रस्तुत किया जाएगा कि व्यापारी आखिर रिटायरमेंट कब होगा। महेश सुखरामानी ने कहा कि वापरिया जी सेवानिवृत्ति की संकल्पना राकेश कार्रा और नंद अंबवानी द्वारा रचित है और निखिल .आर. राजपाल द्वारा लिखित है जो बहुत हीं अच्छा कार्यकर्म है। इसमे जय हीरो,अचल शर्मा,जैकी चुग,दृष्टि माखिजा, नंद अम्बवानी कलाकार शामिल है।25 फरवरी को सिंधु यूथ सर्कल, स्टेशन रोड, उल्हासनगर कैम्प नंबर - 3 मे यह कार्यकर्म शाम 7 बजे रखा गया है । इस कार्यक्रम मे मुख्य रूप से उल्हासनगर के विधायक कुमार आयलानी उपस्थित रहेंगे

इस कार्यक्रम के निमन्त्रक स्वयं श्री महेश सुखरामनी (कार्यकारी अध्यक्ष) महाराष्ट्र राज्य सिंधी साहित्य अकादमी, मुंबई और श्री सचिन निंबालकर (संयुक्त निदेशक और सदस्य सचिव) महाराष्ट्र राज्य सिंधी साहित्य अकादमी, मुंबई है।

# ठेका पद्धति के खिलाफ 'कायद्याने वागा' का आंदोलन



**उल्हासनगर.** 'कायद्याने वागा' संस्था ने सरकार की ठेका पद्धति के जरिए लोगों की नियुक्ति प्रणाली के खिलाफ राज्यव्यापी विरोध का आह्वान किया है और आने वाले दिनों में 'कायद्याने वागा' पूरे महाराष्ट्र का दौरा करेगी और सरकार द्वारा स्वीकृत इस प्रथा के खिलाफ राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन करेगी।

शिवजयंती के अवसर पर 'कायद्याने वागा' की ओर से उल्हासनगर में शिव कल्याण रैली का आयोजन किया गया. इस रैली में शिवाजी महाराज की शासन व्यवस्था और उनकी जनोन्मुखी नीतियों की जानकारी देने वाली तख्तियां नजर आ रही थीं.

इस मौके पर 'कायद्याने वागा' के संस्थापक राज असरोंडकर ने कहा कि अब तक शिव जयंती का इस्तेमाल राजनीतिक शक्ति प्रदर्शन या धार्मिक उन्माद के लिए किया जाता था। लेकिन नई पीढ़ी को असली शिवाजी महाराज के बारे में जानना चाहिए और लोगों को शिवाजी महाराज की नीतियों और उनके नाम पर सत्ता में आने वाले राजनेताओं के बीच अंतर जानना चाहिए.

उल्हासनगर मनपा में 6 ठेकेदारों को केवल एक साल में बिलों से ज्यादा 1 करोड़ 35 लाख का भ्रष्टाचार होने की बात खुद प्रशासन ने जांच रिपोर्ट में स्वीकार की है. यदि अनुबंध की पूरी अवधि पर विचार करें और सभी ठेकेदारों को जांच के दायरे में लें तो पिछले दस वर्षों में 25 करोड़ का भ्रष्टाचार उजागर होने का अनुमान है। पूरे महाराष्ट्र में भ्रष्टाचार का यह आंकड़ा 500 करोड़ से अधिक होगा और इस संबंध में संगठन की ओर से नगर परिषद प्रशासन निदेशक को एक बयान दिया गया है.

कुल मिलाकर सरकार की ठेका पद्धति के जरिए नियुक्ति प्रणाली के खिलाफ राज्य में एक बड़े जन आंदोलन की आवश्यकता है। उक्त विषय न केवल श्रमिकों के अधिकारों तक सीमित है बल्कि यह युवा पीढ़ी की शिक्षा और उसके लिए काम कर रहे उनके माता-पिता की मेहनत का भी अपमान है। उसके खिलाफ हम पूरे प्रदेश में जनजागरण, पत्राचार, जहां भी जरूरत होगी आंदोलन का अभियान चला रहे हैं। जिसकी घोषणा पत्रकार परिषद में की जाएगी, ऐसी घोषणा 'कायद्याने वागा' के संस्थापक राज असरोंडकर ने की है.

# NSUI कांग्रेस द्वारा जय जवान अन्याय के विरुद्ध न्याय का युद्ध कार्यक्रम अभियान

उल्हास विकास संवाददाता



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ युवक कांग्रेस अध्यक्ष हर्षद भास्कर भोईर, शहर एनएसयूआई कांग्रेस अध्यक्ष देवराज शांत्राज अल्झेंडे द्वारा बुधवार को अंबरनाथ ब्लाक कांग्रेस कार्यालय इंदिरा भावन में जय जवान अभियान व अन्याय के विरुद्ध न्याय का युद्ध पोस्टर लाँच किया गया व मोदी हिटरलशाही सरकार के विरोध में निषेध व्यक्त किया गया. महाराष्ट्र युवक कांग्रेस अध्यक्ष कुणाल राऊत, महाराष्ट्र एनएसयूआई कांग्रेस अध्यक्ष आमिर शेख के आदेश पर और अंबरनाथ ब्लॉक कांग्रेस प्रदीप पाटिल के मार्गदर्शन में ये कार्यक्रम लाँच किया गया. इस अवसर पर ये कहा गया है कि 2019-2022 के बीच भारतीय थल सेना, वायु सेना और नौसेना में चयनित सभी 1.5 लाख युवाओं को बिना किसी विलंब के तत्काल ज्वाइनिंग कराई जाए और सेना में स्थाई भर्ती प्रक्रिया को बहाल किया जाए. अग्निपथ योजना को तत्काल निरस्त करते हुए वर्तमान में सभी अग्निवीरों को स्थाई नियुक्ति दी जाए. अंबरनाथ में भी अग्निवीर योजना के खिलाफ आवाज उठाई जाएगी. एनएसयूआई शहर अध्यक्ष देवराज अल्झेंडे ने सभी युवकों से कहा है कि वह एनएसयूआई कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करें. इस अवसर पर कांग्रेस अल्पसंख्यक शहर अध्यक्ष नईम शेख, सुरेश मेरीगा, अफजल खान, निखिल पोटे, महासचिव आशीष बाबू दुपल्ली, ईशांत जाधव आदि उपस्थित थे.

जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. - वाल्मीकि

उल्हास विकास संपादकीय

## पहाड़ों की पीड़ा

पहाड़ों पर बर्फबारी और हिमस्खलन से मार्ग अवरुद्ध हो जाना सर्दियों में हर वर्ष की सामान्य घटना जैसा है। मगर अब जिस तरह ये घटनाएं तबाही का सबब बन रही हैं, वह चिंता का विषय है। कश्मीर के सोनमर्ग हंग इलाके में पहाड़ से बर्फ की चट्टानें गिरने से वहां बह रहा नाला अवरुद्ध हो गया। इसके चलते नाले का पानी उफन कर सड़क पर बहना शुरू हो गया।

गनीमत है कि उस तेज धार पानी में जान-माल का कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ, मगर सड़क को जो क्षति पहुंची उससे लंबे समय तक लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ेगा। पिछले वर्ष इसी तरह हिमस्खलन में दो मजदूर दब कर मर गए थे। हिमाचल प्रदेश के मनाली इलाके में भी हिमस्खलन से ऐसी दुर्घटनाएं सामने आती रहती हैं। हालांकि हिमस्खलन वाले इलाकों में खतरे की चेतावनी वाली तख्तियां लगी होती हैं, फिर भी प्रशासन की मुस्तैदी और समय पूर्व दुर्घटना की चेतावनी जारी न हो पाने की वजह से दुर्घटनाएं हो ही जाती हैं।

मगर पहाड़ों की पीड़ा दिन-ब-दिन इस बात से अधिक बढ़ती जा रही है कि वहां विकास के नाम पर अतार्किक निर्माण कार्य होने लगे हैं। पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए सड़कों, पुलों, होटल, मोटल, दुकानों आदि के निर्माण बड़े पैमाने पर होने लगे हैं। इससे पहाड़ों को तोड़ने, नदियों और नालों की जलधारा मोड़ने या अवरुद्ध कर देने की प्रवृत्ति भी बढ़ी है।

सैलानियों को लुभाने की मंशा से बहुत सारी नदियों के किनारे और उनके भीतर तक अतिक्रमण कर खाने-पीने, मनोरंजन, यहां तक कि रुकने-ठहरने के लिए ढांचे खड़े कर लिए गए हैं। उत्तराखंड में बादल फटने की वजह से हुई तबाहियों के पीछे बड़ा कारण यही था कि खुदाई के चलते वहां के पहाड़ हिल कर भुरभुरे हो गए हैं, नदियों की जल संग्रहण क्षमता काफी घट गई है।

इससे नदियों का पानी उफन कर सड़कों और रिहाइशी इलाकों में पहुंच जाता है। कश्मीर के सोनमर्ग में भी यही हुआ। हालांकि प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए समस्या पर काबू पा लिया, मगर यह इस बात का संकेत है कि आने वाले समय में ऐसी दुर्घटनाएं बड़ी तबाही का कारण भी बन सकती हैं।

# घट रहे रेगिस्तान के जहाज, युद्धस्तर पर संरक्षण की जरूरत

ऊंट का जिक्र आते ही रेगिस्तान का ख्याल एकाएक मन में आ जाता है। एक समय रेगिस्तान में यातायात का मुख्य साधन रहा ऊंट अब संकट में है। इनकी संख्या न केवल भारत में, बल्कि दुनिया में घट रही है। शायद यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2024 को ऊंट वर्ष के रूप में मनाने की घोषणा की है, ताकि लोगों का ध्यान ऊंट के संरक्षण की तरफ भी जाए।

दुनिया के 90 देशों में ऊंटों के संरक्षण और इनकी संख्या को बढ़ाने के लिए प्रयास चल रहे हैं। भारत में राजस्थान में सर्वाधिक ऊंट पाए जाते हैं और यहां भी पिछले कुछ सालों में सरकारी स्तर पर कुछ कार्य हुए हैं। खासकर वर्ष 2014 में राजस्थान सरकार ने ऊंट को राज्य पशु घोषित किया था और वर्ष 2015 में राज्य सरकार राजस्थान ऊंट (वध का प्रतिषेध और अस्थाई प्रजनन या निर्यात का विनियमन) अधिनियम लेकर आई, इसके तहत ऊंट के राज्य से बाहर निर्यात पर पाबंदी लगी। हालांकि, बाद में एक सक्षम प्राधिकार को ऊंटों के राज्य से बाहर निर्यात के लिए परमिट जारी करने का अधिकार दे दिया गया। सच्चाई यह है कि परमिट पाना आसान प्रक्रिया नहीं है और इसमें लंबा समय लगता है।



### भारत में ऊंट की संख्या

उत्तरी अफ्रीका और मध्य एशिया के ऊंटों को असली ऊंट माना जाता है। इनमें ड्रोमेडरी (एक कूबड़ वाला ऊंट) और बैक्ट्रियन (दो कूबड़ वाला ऊंट) हैं। भारत में राजस्थान, उत्तर प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश, हरियाणा में मुख्य रूप से ऊंट पाए जाते हैं, लेकिन राजस्थान में सर्वाधिक 2.14 लाख ऊंट हैं, जबकि देश भर में इनकी संख्या 2.50 लाख से कम हो गई है।

वर्ष 2012-19 के बीच हुए एक सर्वे में पता चला था कि भारत में ऊंटों की संख्या तेजी से कमी आई है। देश में यह डेढ़ लाख घटकर 2.52 लाख ही रह गए थे। वर्ष 2019-23 के बीच यह संख्या और घटी है। नागालैंड और मेघालय जैसे राज्यों में तो अधिकारिक रूप से ऊंट समाप्त हो चुके हैं।

राजस्थान में ऊंट की गोमठ, नांचना, जैसलमेरी, मेवाड़ी, अलवरी, सिंधी, कच्छी और बीकानेरी प्रजाति पाई जाती हैं। राजस्थान के लोकदेवता पाबूजी को ऊंटों का देवता कहते हैं। गुजरात में तो समुद्र में तैरने वाले ऊंट भी मिलते हैं। यह कच्छ की खराई किस्म के ऊंट हैं, जो हर रोज समुद्र में विचरण करते हैं और समुद्री वनस्पति मैंग्रूव को खाते हैं। हालांकि, पिछले कुछ सालों में उद्योगों के विस्तार के कारण मैंग्रूव खत्म हो रहे हैं और खराई ऊंटों के लिए खाने की समस्या आ रही है। अब पूरे गुजरात में 4500 हजार से आसपास खराई ऊंट ही बचे हैं।

ऊंटों को संरक्षण देने के कई प्रयास हो रहे हैं। भारत सरकार ने वर्ष 1984 में बीकानेर में उष्ट्र परियोजना निदेशालय की स्थापना की थी। वर्ष 1995 में इसे राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केंद्र में तब्दील कर दिया गया। राजस्थान सरकार ने वर्ष 2023 में उष्ट्र संरक्षण योजना के तहत टोडियों (ऊंट के बच्चे) के जन्म पर दो किश्तों में 10 हजार रुपए ऊंट पालक को बतौर प्रोत्साहन राशि देने प्रारंभ किया था।

रेगिस्तान के जहाज की संख्या घटना वाकई चिंताजनक है। संयुक्त राष्ट्र ने तो ऊंट वर्ष घोषित कर दिया है, लेकिन भारत में भी ऊंटों को बचाए रखने के युद्ध स्तर पर प्रयास करने की अतिआवश्यकता है। ऐसा न हो कि कुछ वर्षों में ऊंट केवल किताबों के चित्रों में ही देखने को मिलें।





दिव्य ज्योति और श्रुति की धारा में हमारी आत्मा को साफ करने की ताकत है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चौनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# सपा और कांग्रेस के बीच बनी रजामंदी

राजनीति में साझेदारी करके चुनाव लड़ना कोई नई बात नहीं है। जब भी विपक्षी दलों को लगता है कि सत्ता पक्ष काफी मजबूत स्थिति में है और उसे हरा पाना कठिन है, तो वे मिल कर चुनाव मैदान में उतरते रहे हैं। कई बार चुनाव के बाद भी गठबंधन बने हैं और साझा न्यूनतम कार्यक्रमों के तहत सरकारें चली हैं।

आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भी इसी मकसद से विपक्षी दलों ने परस्पर हाथ मिलाया था कि उन्हें सत्ताधारी भाजपा को अलग-अलग चुनौती देना मुश्किल है। इसके लिए 'इंडिया गठबंधन' बना। मगर कुछ दलों के अपने क्षेत्रीय हितों के चलते यह गठबंधन शिथिल-सा पड़ने लगा था। नीतीश कुमार के छिटकने के बाद लगा कि यह खत्म ही हो जाएगा।

मगर अब उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर जिस तरह रजामंदी हुई है, उससे एक बार फिर इस गठबंधन में जान पड़ गई है। हालांकि समाजवादी पार्टी पहले ही एलान कर चुकी थी कि वह कांग्रेस को ग्यारह सीटें देगी, मगर कांग्रेस को और सीटें चाहिए थीं। अब कांग्रेस की पसंदीदा सत्रह सीटों पर सहमति बन गई है। हालांकि उत्तर प्रदेश की अमेठी और रायबरेली सीट पर समाजवादी पार्टी पहले से ही कांग्रेस के समर्थन में अपना उम्मीदवार नहीं उतारती रही है।



महाराष्ट्र में शिवसेना ने भी कहा है कि वह जल्दी ही कांग्रेस के साथ मिल कर सीटों की घोषणा करेगी। इससे इंडिया गठबंधन के बाकी घटक दलों में निश्चित रूप से सकारात्मक संदेश गया है। अभी तक मुश्किलें केवल पश्चिम बंगाल, पंजाब, गुजरात और दिल्ली में अधिक बनी हुई हैं। ममता बनर्जी ने एलान किया है कि वे अकेले चुनाव लड़ेंगी। इसी तरह आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच तालमेल नहीं बैठ पा रहा।

आम आदमी पार्टी को लगता रहा है कि दिल्ली, पंजाब और गुजरात में उसका आधार मजबूत है और कांग्रेस के साथ साझेदारी करने से उसे नुकसान उठाना पड़ सकता है। मगर अब वह भी जल्दी सीटों के बंटवारे पर सहमति बना लेना चाहती है। नीतीश कुमार के अलग होने से गठबंधन इसलिए कोई नुकसान महसूस नहीं कर रहा कि बिहार में अभी राजद अधिक प्रभावशाली है और वह इंडिया गठबंधन के साथ है।

राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होकर तेजस्वी यादव ने संकेत भी दे दिया कि कांग्रेस को लेकर उनमें कोई दुराव नहीं है।चूंकि इंडिया गठबंधन को सबसे अधिक मुश्किलें हिंदी प्रदेशों में सीट बंटवारे को लेकर आ रही हैं, समाजवादी पार्टी के साथ हुए समझौते से अन्य प्रदेशों के लिए एक फार्मूला तैयार हो गया है।

जिन सीटों पर जिस पार्टी का जनाधार मजबूत है, उन पर उसी का प्रत्याशी उतारने का फार्मूला लगभग तय है। मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान विधानसभा चुनाव नतीजों से कांग्रेस को भी अहसास हो चुका है कि गठबंधन दलों के साथ सीटों की साझेदारी कितनी अहम है। इसलिए अब कोई अड़चन नजर नहीं आ रही। मगर असल दिक्कत है कि इंडिया गठबंधन जिस तरह शुरू में सक्रिय हुआ था, अब वैसा नजर नहीं आता। चुनाव नजदीक आ गए हैं, मगर न तो गठबंधन ने अभी तक कोई साझा सार्वजनिक सम्मेलन किया है और न सत्ता पक्ष को घेरने के लिए ठीक से मुद्दे तय कर पाया है। भाजपा अभी से आक्रामक रुख अपना चुकी है। ऐसे में भाजपा को शिकस्त देना इंडिया गठबंधन के लिए कितना आसान होगा, दावा नहीं किया जा सकता।

# अंतरिक्ष में बिना मिट्टी के पौधे उगाएंगे अंतरिक्ष यात्री

सिग्नस अंतरिक्ष यान सोमवार को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के साथ शून्य-गुरुत्वाकर्षण में रहने वाले अंतरिक्ष यात्रियों के लिए ताजा आपूर्ति,

**जरा हट के**

कार्गो और प्रयोगों के साथ डॉक किया गया। डॉकिंग की पुष्टि नासा ने कनाडा शाखा के रूप में की, उड़ान प्रयोगशाला पर, एसएस पियर्स सेलर्स सिग्नस अंतरिक्ष यान पर कब्जा कर लिया। ३विज्ञान, आपूर्ति और स्नैक्स का आपका शिपमेंट आ गया है!३ नासा ने ट्वीट किया कि नॉर्थ्रॉप ग्रुम्मन का कार्गो रिसप्लाई मिशन



बिना मिट्टी के शून्य-गुरुत्वाकर्षण में बढ़ते पौधों को प्रदर्शित करने के लिए एक अनोखे प्रयोग के साथ स्टेशन के साथ डॉक किया गया। अंतरिक्ष यान ने इससे पहले वर्जीनिया में वॉलॉप्स फ़्लाइट फैसिलिटी में एक एंटारेस रॉकेट के ऊपर लॉन्च किया था।

NG17 पुनः आपूर्ति मिशन में त्वचा की उम्र बढ़ने और ट्यूमर कोशिकाओं पर केंद्रित प्रयोगों के साथ-साथ ऑक्सीजन उत्पादन, बैटरी और बढ़ते पौधों के लिए प्रौद्योगिकी के परीक्षण शामिल हैं। कोलगेट स्किन एजिंग प्रयोग माइक्रोग्रैविटी में इंजीनियर मानव त्वचा कोशिकाओं में सेलुलर और आणविक परिवर्तनों का मूल्यांकन करता है। नासा ने कहा कि इस प्रयोग के परिणाम दिखा सकते हैं कि ये इंजीनियर कोशिकाएं पृथ्वी पर उम्र बढ़ने की प्रक्रिया से त्वचा की रक्षा करने के उद्देश्य से उत्पादों का तेजी से आकलन करने के लिए एक मॉडल के रूप में काम कर सकती हैं। स्टेशन पर पहुंचने वाला माइक्रोक्विन 3डी ट्यूमर प्रयोग अंतरिक्ष में स्तन और प्रोस्टेट कैंसर कोशिकाओं पर दवा के प्रभाव की जांच करेगा।

नासा अंतरिक्ष में खेती के बारे में अपने अध्ययन को बढ़ावा देना चाहता है क्योंकि वे चंद्रमा की यात्रा और मंगल ग्रह की ओर देखते हैं। नवीनतम प्रयोग जो उड़ान प्रयोगशाला के साथ डॉक किया गया है, वह है XROOTS, जो हाइड्रोपोनिक (जल-आधारित) और एरोपोनिक (वायु-आधारित) तकनीकों का उपयोग करके परीक्षण करता है और परिणाम भविष्य की जगह के लिए खाद्य फसलों को विकसित करने के लिए बड़े पैमाने पर सिस्टम के विकास में अंतर्दृष्टि प्रदान कर सकते हैं। अन्वेषण और आवास।

**खाना-खजाना**

# अचारी आलू टिक्का

शाम की चाय के साथ सर्व करने के लिए आप अगर कुछ सिंपल और टेस्टी रेसिपी ढूंढ रही हैं तो ट्राई करें अचारी आलू टिक्का। यह रेसिपी बनाने में बेहद आसान है। इस रेसिपी में बेबी पोटैटो को मसालेदार मिश्रण में मैरीनेट किया जाता है। तो बिना देर किए जान लेते हैं कैसे बनाई जाती है यह टेस्टी रेसिपी।

**सामग्री–**

- हंग दही
- अदरक-लहसुन
- रोस्टेड ग्राम फ्लावर
- नमक
- चाट पाउडर
- लाल मिर्च पाउडर
- हल्दी पाउडर
- गरम मसाला पाउडर
- सूखी मेथी पाउडर
- मिक्स अचार का पेस्ट
- सरसों का तेल



**बनाने की विधि–**

अचारी आलू टिक्का बनाने के लिए सबसे पहले आलू को उबालकर ओवन को 180°C पर प्रीहीट कर लें और फिर बेकिंग ट्रे पर मक्खन लगा लें। अब एक बाउल में सभी चीजों को डाल लें और फिर अच्छे से मिक्स कर लें। अब उबले हुए आलू को पेस्ट में डालकर करीब 10-15 मिनट तक मैरिनेट होने के लिए अलग रख दें। अब उबले हुए सभी आलू बेकिंग ट्रे पर एक-एक करके रख दें। अब आलू को ओवन में 15-20 मिनट तक बेक कर लें। आपका अचारी आलू टिक्का बनकर तैयार है । इसे धनिया से गार्निश करके गरमा गरम चटनी के साथ सर्व करें।

# अच्छे लाइफस्टाइल के लिए जरूरी हैं हेल्दी हैबिट्स



आदते हमारी लाइफस्टाइल को दर्शाती हैं। इन आदतों को तब तक दोहराया जाता है जक तक कि यह ओटोमेटिक न हो जाए। कई बार हम कुछ आदत बनाने की कोशिश करते हैं लेकिन एक दिन स्किप होने पर फिर हम उन आदतों को दोबारा दोहराने के बारे में नहीं सोचते हैं। अगर आपने कभी अपने वर्कआउट शेड्यूल से चिपके रहने के लिए कोशिश की है, या फिर रोजाना खुद खाना पकाया, या नेटफ्लिक्स देखने के बजाय रात में किताब पढ़ी है, तो यह संभव है की आप अब इन चीजों के बारे में अब नहीं सोचते होंगे क्योंकि आप इन्हें आदत नहीं बना पाए हैं। रूटीन में बदलाव के साथ तालमेल बिठाना मुश्किल लग सकता है, और नई शुरुआत करना और भी ज्यादा मुश्किल। लेकिव ये असंभव बिल्कुल नहीं है। हम आपको बता रहे हैं नई हेल्दी आदतें बनाने और अपवने टार्गेट को अचीव करने के लिए कुछ टिप्स।

### 1) छोटे कदम उठाएं

अगर आपका गोल ज्यादा पानी पीना है, तो गैलन चुनौती से शुरुआत न करें। इसके बजाय, एक सप्ताह के लिए अपने पानी का पीने की क्षमता को रोजाना 1-2 गिलास बढ़ा दें। हफ्ते में 2 की शुरुआत में रोजाना एक और गिलास पानी जोड़ें। लंबे समय तक आदत को बनाए रखने के लिए छोटे कदम उठाएं।

### 2) असफलताओं से खुद को बचाएं

लक्ष्य प्राप्त करने की कोशिश करते समय, असफलताएं भी होती हैं। ऐसे दिन होंगे जब आप अपनी योजना पर पूरी तरह से टिके नहीं रहेंगे, जैसे कि जब आप कसरत छोड़ते हैं,खाने की क्रेविंग, या नींद पूरी न होना। बेशक, आप इन स्वस्थ आदतों में शामिल हुए बिना जितना अधिक समय लेंगे, आपके तरीकों को बदलना उतना ही डिफिकल्ट होगा। इसलिए, यह ठीक है अगर चीजें प्लानिंग के अनुसार नहीं होती हैं, लेकिन आदत को जारी रखने के लिए जितनी जल्दी हो सके वापस पटरी पर आ जाएं।

### 3) अपने स्पोर्ट के लिए नेटवर्क बनाएं

हमारे परिवार और दोस्तों का हमारे दैनिक जीवन पर असर पड़ता है। हम हेल्दी और फिटनेस को प्राथमिकता देने के लिए प्रभावित होते हैं जब हम ऐसे लोगों से घिरे होते हैं जो ऐसा ही करते हैं। ऐसे में अपने लोगोंन को अपनी स्वास्थ्य संबंधी एक्टिविटी में शामिल करने का एक दूसरा फायदा यह है कि वे आपको मोटिवेट करेंगे और मुश्किल दिनों में आपको समर्थन देंगे।

### 4) सावधान रहें

एक स्वस्थ जीवन शैली की ओर पहला कदम हमारी वर्तमान स्थिति के बारे में जागरूक होना है। एक सप्ताह के लिए, आप जो कुछ भी रोजाना करते हैं, उस पर नजर रखें। अपनी वर्तमान आदतों को देखें क्योंकि किसी चीज को स्वीकार करना और समझना उसे बदलने की दिशा में पहला कदम है।

## आज का राशिफल

**मेष** : आज मान-सम्मान मिलेगा। रुके कार्य पूर्ण होंगे। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। नए काम मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। प्रसन्नता रहेगी। नए लोगों से परिचय होगा। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। घर-परिवार की चिंता रहेगी।

**वृष** : आज जोखिम व जमानत के कार्य टालें। कानूनी अड़चन से सामना हो सकता है। हड़बड़ी न करें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। चिंता बनी रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से हानि होगी।

**मिथुन** : आज रुका हुआ धन प्राप्ति के योग हैं, प्रयास करें। कारोबार मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में मातहतों का सहयोग मिलेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। उत्साह तथा प्रसन्नता से काम कर पाएंगे। थकान व कमजोरी रह सकती है। व्यस्तता रहेगी। जीवन सुखमय बीतेगा।

**कर्क** : आज आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम हो सकती है। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति के योग हैं। रोजगार में वृद्धि होगी। नौकरी में पदोन्नति संभव है। धन प्राप्ति सुगम होगी। उत्साह से काम कर पाएंगे।

**सिंह** : आज उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। आत्मसम्मान बना रहेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। ऐश्वर्य के साधनों पर व्यय होगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में चैन रहेगा। नए मित्र बनेंगे। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**कन्या** : आज पार्टनरों से सहयोग प्राप्त होगा। कोई कारोबारी बड़ा सौदा लाभ दे सकता है। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय में मनोनुकूल लाभ होगा। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। प्रतिद्वंद्विता बढ़ेगी। जल्दबाजी न करें।

**तुला** : आज चोट व दुर्घटना से हानि तथा पीड़ा का योग बनता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें, क्लेश हो सकता है। पार्टनरों से मतभेद हो सकता है। शारीरिक शिथिलता रहेगी। आय में निश्चितता रहेगी।

**वृश्चिक** : आज पार्टी व पिकनिक का आयोजन हो सकता है। स्वादिष्ट व्यंजनों का लाभ प्राप्त होगा। जीवन सुखमय व्यतीत होगा। विवाद को बढ़ावा न दें। वाणी पर नियंत्रण आवश्यक है। काम में मन लगेगा। नौकरी में कोई नया काम कर पाएंगे। प्रमाद न करें।

**धनु** : आज उत्साह में कमी रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। दौड़धूप अधिक रहेगी। घर-परिवार की चिंता बनी रहेगी। दूसरों के कार्य में हस्तक्षेप न करें। अपने काम पर ध्यान दें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। आय में निश्चितता रहेगी।

**मकर** : आज नौकरी में अधिकारी वर्ग प्रसन्नता जाहिर करेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। निवेश इत्यादि मनोनुकूल लाभ देंगे। पारिवारिक सहयोग मिलने से प्रसन्नता, उत्साह व संतुष्टि रहेंगे। कुसंगति से बचें। स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है। कानूनी अड़चन दूर होगी।

**कुंभ** : आज मित्रों की सहायता कर पाएंगे। मेहनत का फल मिलेगा। नौकरी मे प्रभाव बढ़ेगा। उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। उत्साह वृद्धि होगी। आय के नए साधन प्राप्त हो सकते हैं। धनार्जन सुगम होगा। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी।

**मीन** : आज तीर्थयात्रा की योजना बनेगी। ऐश्वर्य के साधनों पर व्यय होगा। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। कारोबार में वृद्धि होगी। विरोधी सक्रिय रहेंगे। निवेश शुभ रहेगा। बुद्धि का प्रयोग करें। प्रमाद से बचें। रोजगार में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रभाव क्षेत्र में वृद्धि होगी।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# नींबू-संतरे से जूस निकालने की ये ट्रिक्स



सर्दियां जा रही हैं ऐसे में शरीर को हाइड्रेट रखना बेहद जरूरी है। अगर आप पानी के बजाय जूस पीते हैं तो इससे कई न्यूट्रिएंट्स भी बॉडी में पहुंचेंगे। हालांकि बाजार के जूस में बैक्टीरिया, वायरस के इनफेक्शन का खतरा रहता है। दुकान पर साफ-सफाई का इतना ध्यान नहीं रखा जाता। आप घर में ही जूस बनाकर रख सकते हैं। घर पर फटाफट जूस बनाने के लिए आप नींबू, संतरा या मौसमी (मौसंबी) कोई भी फल चुन सकते हैं। ये फ्रूट्स आपकी इम्यूनिटी भी बूस्ट करते हैं। हालांकि घर पर जूस निकालने में कई लोगों के सामने यह दिक्कत आती है कि फल से रस ज्यादा मात्रा में नहीं निकल पाता। यहां कुछ टिप्स और ट्रिक्स हैं जिन्हें आप घर पर जूस बनाते वक्त आजमा सकते हैं।

- ठंडे फल से रस कम निकलता है। नींबू, संतरे या मौसमी को थोड़ी देर के लिए गरम पानी में डाल दें। या करीब 10 सेकेंड के लिए इसे माइक्रोवेब में भी रख सकते हैं।
- संतरे, नींबू या मौसमी से ज्यादा से ज्यादा जूस निकालने के लिए इनको निचोड़ने से कुछ देर पहले इसको दबाना शुरू करें। बेहतर होगा इसे किचन काउंटर पर रोल करें। इस पर दवाब डालने से जूस आसानी से निकलेगा।
- आप संतरे या मौसमी का जूस निकाल रहे हैं तो इनके छोटे टुकड़े कर लें। इन्हें चलनी या कॉटन के पतले साफ कपड़े में लेकर बड़ी चम्मच से दबाकर जूस निकाल सकते हैं।

# मसूड़ों में हैं सूजन या आ रहा है खून

## राहत देंगे ये घरेलू नुस्खे

दांत न सिर्फ भोजन चबाने में मदद करते हैं बल्कि ये व्यक्ति की खूबसूरती भी बनाए रखते हैं। लेकिन अक्सर कई बार लोग ब्रश करने के दौरान मसूड़ों से खून आने की शिकायत करते हैं। जिसका मुख्य कारण ओरल हेल्थ को नजरअंदाज करना होता है। दरअसल, मसूड़ों से खून आना मसूड़ों में सूजन का ही एक लक्षण है। जिसकी वजह से कई बार लोगों को दातों में दर्द, मुंह से बदबू ,दांत ढीले होने के साथ दांतों में सेंसिटिविटी भी महसूस होने लगती है। अगर आप भी इस तरह की समस्या से परेशान हैं तो आइए जानते हैं कैसे कुछ घरेलू उपाय आजमाकर आप मसूड़ों की समस्या से छुटकारा पा सकते हैं।

**क्यों फूल जाते हैं मसूड़े–**

मसूड़ों के फूलने के पीछे कई कारण जिम्मेदार हो सकते हैं, जिन्हें अंग्रेजी में गम डिजीज (Gum disease) के नाम से भी जाना जाता है। बैक्टीरियल इंफेक्शन, फंगस इंफेक्शन, पौष्टिक तत्वों की कमी, गर्भावस्था, विटामिन-सी की कमी या फिर दातों में फंसा खाना



मसूड़ों के फूलने के मुख्य कारण हैं। सही समय पर सही उपचार नहीं मिलने पर यह ओरल हेल्थ के लिए जोखिम तक उत्पन्न कर सकता है।

**नीलगिरी का तेल–**

नीलगिरी का तेल एक एंटी इन्फ्लामेट्री डिसइन्फेक्टेंट है जो कमजोर होते मसूड़ों का इलाज करके नए गम सेल्स बनाने में मदद करता है।

**नमक–**

मुंह से संबंधित समस्याओं के छुटकारे में नमक का पानी बहुत फायदेमंद होता है। नमक के पानी से कुल्ला करने से मुंह में होने वाले संक्रमण से बचाव होता है जो मसूड़ों में सूजन आने का एक कारण है। इसके लिए खारे पानी से कुल्ला करने की सलाह दी जाती है।

**सरसों का तेल–**

सरसों के तेल में रोगाणुरोधी गुण होता है जो सूजन को दूर करने और मसूड़ों की सूजन से राहत पहुंचाने में सहायक होता है। सरसों के तेल में थोड़ा नमक मिलाएं व इस मिश्रण को मसूड़ों पर लगाएं। इस उपचार का बार-बार उपयोग करने से आपको जल्द ही संक्रमण से छुटकारा मिल जाएगा।

**एलोवेरा–**

औषधीय गुणों से भरपूर एलोवेरा जेल की प्रकृति ऐंटिबैक्टीरियल (बैक्टीरिया विरोधी) और ऐंटिफंगल (फंगस विरोधी) होती है। यह मसूड़ों की सूजन को दूर करने, मसूड़ों से खून आने और मुंह के संक्रमण जैसी समस्याओं को दूर करने में सहायक होती है।

**हल्दी–**

हल्दी में मौजूद करक्यूमिन एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट गुणों के लिए जाना जाता है। साल 2015 के एक अध्ययन के अनुसार, हल्दी मसूड़े की सूजन को कम करने का काम करती है।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### पति ने पिलाई शराब, फिर दोस्त को सौंप दी बीवी

**आगरा.** आगरा में एक महिला को लवमैरिज के बाद धोखा मिला। युवती ने जिसकी खातिर अपने माता-पिता से रिश्ता तोड़ लिया उसी शख्स ने उसे कहीं का नहीं छोड़ा। दरअसल युवती ने घर के पास में रहने वाले एक युवक के साथ एक साल पहले लवमैरिज की थी। इसके बाद घर वालों ने उससे नाता तोड़ लिया था, तब से वह प्रेमी से पति बने युवक के साथ ही रह रही थी। युवती का आरोप है कि पति ने जबरदस्ती उसे शराब पिलाई। नशे में होने बाद वह बिस्तर पर छोड़कर बाहर चला गया। उसे जब होश आया तो वह पति के दोस्त की बाहों में थी। उसके बदन से कपड़े गायब थे। महिला का आरोप है कि उसका दोस्त उससे अश्लील हरकतें कर रहा था, उसने जब शोर मचाया तो वह फरार हो गया।

### प्रेमिका ने साथ में भागने से किया मना तो हैवान बना प्रेमी, सिरफिरे ने चाकू से पेट में किए नौ वार

**कुशीनगर.** कुशीनगर जिले में एक सिरफिरे ने अपनी ही प्रेमिका के लिए हैवान बन गया। प्रेमिका की गलती केवल इतनी थी कि उसने प्रेमी के साथ भागने से मना कर दिया था। ये बात प्रेमी को नागवार गुजरी और उसने प्रेमी के पेट में चाकू से ताबड़तोड़ नौ वार कर दिए। चाकू के हमले के बाद युवती लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ी। दर्द से कराह रही युवती के चीखने की आवाज जब घर वालों ने सुनी तो मौके पर दौड़े, इससे पहले सिरफिरा मौके से भाग निकला। गंभीर रूप से घायल युवती को इलाज के लिए गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। मौके पर पहुंची ने आरोपी के घर दबिश दी तो मनबढ़ समेत उसका पूरा परिवार फरार था।

### अपने ही पति की दूसरी शादी कराने पर अड़ी पत्नी, थाने में लगाई गुहार, पुलिस भी हैरान

**सहारनपुर.** पुलिस थानों में अक्सर महिलाएं अपने पति के अवैध संबंधों और बिना बताए किसी महिला से शादी की शिकायत लेकर आती रहती हैं। लेकिन सहारनपुर में इससे बिल्कुल उलट मामला सामने आया है। यहां एक महिला अपने पति की दूसरी शादी कराने के लिए थाने पहुंची है। उसकी बातें सुनकर पुलिस वाले भी हैरान हैं। मामला सदर बाजार थाने का है। महिला ने थाने पहुंचकर अपने पति का दूसरा विवाह कराने की मांग की करते हुए कहा कि उसके पति का मोहल्ले की ही एक युवती से प्रेम प्रसंग है। यदि पति का उस युवती से विवाह नहीं हुआ तो वह डिप्रेशन में चले जाएंगे। महिला की गुहार सुनकर पुलिस भी अपनी मजबूरियां समझाईं। यह भी बताया कि कानूनन यह सही नहीं है। लेकिन महिला अड़ी.रही। उसे किसी तरह समझाया जा सका है।

### बच्ची से गैंगरेप का आरोपी मौलवी गिरफ्तार, पीड़िता की मां भी अरेस्ट

**लखनऊ.** लखनऊ के मलिहाबाद क्षेत्र में आठ साल की बच्ची से सामूहिक बलात्कार के मामले में पुलिस ने एक मौलवी और पीड़िता की मां को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त (पश्चिमी) विश्वजीत श्रीवास्तव ने बृहस्पतिवार को संवाददाताओं को बताया कि एक व्यक्ति ने कुछ दिन पहले मलिहाबाद थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी आठ साल की बेटी के साथ मदरसे में पढ़ाने वाले दो लोगों ने बलात्कार किया है। दोनों आरोपियों की पहचान मोहम्मद आबदीन और उसके भाई अरशद के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड विधान की धारा 376 डी (सामूहिक बलात्कार) और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। श्रीवास्तव ने बताया कि हमने मोहम्मद आबदीन और पीड़िता की मां को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया है।

# संदेशखाली की पीड़िताओं से मिलने बंगाल जाएंगे मोदी

- **बैकफुट पर ममता बनर्जी**



**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में हुए महिलाओं के कथित उत्पीड़न का मामला लगातार तूल पकड़ रहा है। बीजेपी समेत राज्य के विपक्षी दल ममता सरकार पर हमला बोल रहे हैं। छह मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पश्चिम बंगाल के दौरे पर जाएंगे, जहां वे संदेशखाली की पीड़ित महिलाओं से मुलाकात करेंगे। संदेशखाली में बड़ी संख्या में महिलाओं ने तृणमूल कांग्रेस के कद्दावर नेता शाहजहां शेख और उसके समर्थकों पर जमीन हड़पने और यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है।

संदेशखाली मामले के सामने आने के बाद से ही बीजेपी, कांग्रेस और लेफ्ट के तमाम नेता घटनास्थल का दौरा करने की कोशिश कर रहे थे। हालांकि, बंगाल प्रशासन ने शुरुआत में नेताओं को संदेशखाली नहीं जाने दिया, जिसके बाद हाई कोर्ट की अनुमति लेने के बाद विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी समेत बीजेपी के कुछ विधायक संदेशखाली पहुंचकर स्थानीय लोगों से मुलाकात की।

बीजेपी के पश्चिम बंगाल यूनिट के प्रमुख सुकांत मजूमदार ने बताया है कि प्रधानमंत्री मोदी छह मार्च को राज्य के उत्तर 24 परगना जिले के बारासात में महिलाओं की एक रैली को भी संबोधित कर सकते हैं। मजूमदार ने कहा, "हमें आज पता चला कि प्रधानमंत्री छह मार्च को राज्य का दौरा करेंगे और बारासात में महिलाओं की एक रैली को संबोधित करेंगे।" यह पूछे जाने पर कि क्या प्रधानमंत्री संदेशखाली की महिलाओं से मिलेंगे जो उत्तर 24 परगना जिले में ही स्थित है, मजूमदार से कहा, ₹अगर संदेशखाली की बहनें और माताएं प्रधानमंत्री मोदी से मिलना चाहती हैं तो हम निश्चित रूप से इसकी व्यवस्था करेंगे।₹

### संदेशखाली में सभी की शिकायत सुनेगी पुलिस : पुलिस महानिदेशक

उधर, पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार का कहना है कि कि पुलिस संदेशखाली में हर व्यक्ति की शिकायत सुनेगी और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कुमार बुधवार को संदेशखाली गए थे और पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के अशांत क्षेत्रों की स्थिति का आकलन करने के लिए रात भर वहीं रुके थे, उन्होंने वहां महिलाओं पर अत्याचार करने के दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। कुमार ने आज सुबह धमाखालि में संवाददाताओं से कहा "हम प्रत्येक व्यक्ति की शिकायत सुनेंगे, अगर कोई घटना है तो हम दोषी पाए गए लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे और अगर लोग अत्याचार में शामिल पाए जाते हैं, तो हम उनके खिलाफ उचित कार्रवाई करेंगे।₹

# संदेशखाली में एक और बलात्कार का मामला

- **TMC नेता शिबु हाजरा पर महिला के आरोप**

पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में औरतों के साथ बलात्कार और उत्पीड़न के आरोपों का दौर जारी है। खबर है कि अब राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस यानी TMC के बाहुबली नेता शाहजहां शेख के करीबी के खिलाफ एक और रेप केस दर्ज हुआ है। हालांकि, इसे लेकर पुलिस कि तरफ से आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। शेख के करीबी और टीएमसी नेता शिबु हाजरा को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

सूत्रों के हवाले से बताया जा रहा है कि संदेशखाली की रहने वाली महिला ने राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा से मिलने के बाद टीएमसी नेता के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। संदेशखाली पुलिस स्टेशन में ताजा मामला दर्ज कराया गया है। हाल ही में शर्मा संदेशखाली पहुंचीं थीं। उन्होंने पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन की मांग की थी।

खबर है कि IPC यानी भारतीय दंड संहिता की धारा 376 समेत कई धाराओं के तहत हाजरा के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। हाजरा को पुलिस ने 17 फरवरी को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने संदेशखाली की महिला की तरफ से दाखिल यौन उत्पीड़न की शिकायत पर ही कार्रवाई की थी। शेख और उसके सहयोगियों पर महिलाओं के उत्पीड़न के साथ-साथ जमीन पर कब्जा करने जैसे भी आरोप हैं।

### फरार है शेख

इधर, शेख का अब तक पुलिस को सुराग नहीं लग सका है। 5 जनवरी को प्रवर्तन निदेशालय (ED) की टीम एक मामले में दबिश देने शेख के घर पर पहुंची थी। उस दौरान टीएमसी नेता के समर्थकों ने अधिकारियों पर हमला कर दिया था। उस दौरान अधिकारियों को चोटें भी आईं थीं। घटना के बाद से ही शेख फरार है और तलाशी जारी है।

# कैलाश विजयवर्गीय को मंजूर नहीं कमलनाथ

- **भाजपा में शामिल होने पर दिखा दी 'लाल झंडी'**



**नई दिल्ली.** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के दिग्गज नेता कमलनाथ के भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने की अटकलों के बीच भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय ने उन्हें लाल झंडी दिखा दी है।

मोहन सरकार में मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता कैलाश विजयवर्गीय ने दो टूक कहा कि उनकी पार्टी को कांग्रेस के इस वरिष्ठ नेता की जरूरत नहीं है और बीजेपी के दरवाजे कमलनाथ के लिए बंद हैं। भाजपा के पूर्व महासचिव कमलनाथ के उनकी पार्टी में शामिल होने की अटकलों को लेकर पूछे गए सवालों का जवाब दे रहे थे।

विजयवर्गीय ने संवाददाताओं से कहा, 'मैंने कहा था कि हमारी पार्टी में कमलनाथ की कोई जरूरत नहीं है और यही वजह है कि उनके लिए दरवाजे बंद हैं।' पिछले सप्ताह मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और उनके सांसद बेटे नकुल नाथ के नई दिल्ली पहुंचने के बाद से ही अटकलें तेज हैं। हालांकि, कमलनाथ के विश्वासपात्र सज्जन सिंह वर्मा ने उनके भाजपा में शामिल होने की खबरों का खंडन किया है। इससे पहले भाजपा के मध्य प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा था कि जो लोग कांग्रेस में भगवान राम की उपेक्षा से दुखी हैं वे भाजपा में शामिल हो सकते हैं। कमलनाथ और उनके बेटे के भाजपा में जाने की अटकलों को उस समय और ज्यादा बल मिल गया जब छिंदवाड़ा से सांसद नकुलनाथ ने अपने एक्स बायो से कांग्रेस का नाम हटा दिया था। अटकलें थीं कि कमलनाथ कई कांग्रेस विधायकों को भी भाजपा में शामिल करा सकते हैं।

बताया जाता है कि कमलनाथ के नाम पर भाजपा में एक राय नहीं बन सकी। आपातकाल और सिख विरोधी दंगों को लेकर भाजपा कमलनाथ पर कई आरोप लगाती रही है। ऐसे में पार्टी में कई नेताओं ने कमलनाथ के नाम पर विरोध जताया।

# रामलला ने तोड़ा रिकॉर्ड, एक महीने में दर्शन को पहुंचे 62 लाख श्रद्धालु

**अयोध्या.** अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को एक महीने हो गए हैं। 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे विधि विधान के साथ भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान में हिस्सा लिया। अब श्याम रंग की शिला से तैयार रामलला के दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा है। रामलला हर दिन रिकॉर्ड तोड़ रहे हैं और नए रिकॉर्ड स्थापित कर रहे हैं। राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद देश-विदेश के कोने-कोने से श्रद्धालु दर्शन को पहुंच रहे हैं। एक महीने की अवधि की दौरान 62 लाख लोगों ने राम मंदिर में रामलला के दर्शन किए। वहीं भक्तों ने 50 करोड़ की राशि रामलला को चढ़ावे में दान की।



ट्रस्ट के कार्यालय प्रभारी प्रकाश गुप्ता के मुताबिक, गर्भगृह के सामने दर्शन पथ के पास चार बड़े आकार की दान पेटियां रखी गई हैं, जिनमें श्रद्धालु दान कर रहे हैं। इसके अलावा 10 कम्प्यूटरीकृत काउंटरों पर भी लोग दान करते हैं। इन दान काउंटरों पर मंदिर ट्रस्ट के कर्मचारियों को नियुक्त गया है, जो शाम को काउंटर बंद होने के बाद प्राप्त दान राशि का हिसाब ट्रस्ट कार्यालय में जमा करते हैं।

### दान की गिनती में लगे हैं कर्मचारी

14 कर्मचारियों की एक टीम चार दान पेटियों में आए चढ़ावे की गिनती कर रही है, जिसमें 11 बैंक कर्मचारी और तीन मंदिर ट्रस्ट के कर्मचारी शामिल हैं। गुप्ता ने कहा कि दान राशि जमा करने से लेकर उसकी गिनती तक सब कुछ सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में किया जाता है। मंदिर के उद्घाटन के एक महीने बाद भी श्रद्धालुओं की संख्या में कोई कमी नहीं आई है। मंदिर प्रशासन के नए समय के मुताबिक, रामलला की मूर्ति की श्रृंगार आरती सुबह 4.30 बजे शुरू होगी। सुबह 6.30 बजे मंगल प्रार्थना की गई। इसके बाद सुबह 7 बजे से मंदिर भक्तों के दर्शन के लिए खोल दिया जाता है।

# संयुक्त किसान मोर्चा देश भर में ब्लैक डे मनाएगा

- **किसान 26 फरवरी को ट्रैक्टर मार्च निकालेंगे**
- **14 मार्च को रामलीला मैदान में प्रदर्शन**




**अंबाला.** खनौरी बॉर्डर पर बुधवार को युवक की मौत के बाद किसानों ने दिल्ली मार्च फिलहाल रोक दिया है। किसान मजदूर मोर्चा (KMM) कोऑर्डिनेटर सरवण सिंह पंधेर ने कहा कि 2 दिन हम रणनीति बनाएंगे। 23 फरवरी को अगला फैसला लिया जाएगा।

आंदोलन के 10वें दिन शंभू और खनौरी बॉर्डर पर हालात सामान्य हैं। खनौरी बॉर्डर पर बुधवार यानी 21 फरवरी को किसानों और पुलिस बीच टकराव हुआ था। यहां युवा किसान शुभकरण सिंह की मौत हो गई थी। आज किसानों ने शुभकरण की फोटो लेकर नारेबाजी की।

सरवण पंधेर ने आज एक तस्वीर जारी की, जिसमें पुलिस फायरिंग करती नजर आ रही है। पंधेर ने कहा कि ये तस्वीर दिखाती है कि सीधी फायरिंग की गई है। पंजाब सरकार को हमला करने वालों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज करना चाहिए।

किसान नेता बलदेव सिंह ने कहा- पुलिस ने हमारे कैंपों और ट्रैक्टरों पर हमला किया। 167 किसान घायल हैं। 6 लापता हैं।

संयुक्त किसान मोर्चा की चंडीगढ़ में हुई मीटिंग के बाद ऐलान किया गया कि कल देश भर में ब्लैक डे मनाएंगे। 26 फरवरी को ट्रैक्टर मार्च और 14 मार्च को दिल्ली रामलीला मैदान में महापंचायत होगी।

### केजरीवाल को ED का सातवां समन

**नई दिल्ली.** प्रवर्तन निदेशालय ने शराब नीति घोटाला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गुरुवार को सातवां समन भेजा है। एजेंसी ने उन्हें 26 फरवरी को पेश होने को कहा है। अब तक एक बार भी केजरीवाल एजेंसी के सामने पेश नहीं हुए हैं। आम आदमी पार्टी एजेंसी के समन को राजनीति से प्रेरित बताती आई है। इससे पहले एजेंसी ने 17 फरवरी को छठा समन भेजकर केजरीवाल को पूछताछ के लिए बुलाया था। तब AAP ने कहा था कि ED के समन गैरकानूनी हैं। जब समन की वैधता को लेकर कोर्ट में सुनवाई चल रही है, तो बार-बार समन भेजने की जगह एजेंसी को कोर्ट के फैसले का इंतजार करना चाहिए।

# क्या पालतू जानवर का नाम रवींद्रनाथ टैगोर रखोगे?

- **शेरनी के 'सीता' नामकरण पर बोला HC**




**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल के सफारी पार्क में रखे गए दो शेरों के नाम अकबर और सीता रखे जाने के मामले में हाई कोर्ट में सुनवाई चल रही है। शेरनी का नाम सीता रखे जाने पर आपत्ति जताते हुए विश्व हिंदू परिषद ने हाई कोर्ट में केस दायर किया है। इस बीच गुरुवार को सुनवाई के दौरान जस्टिस सौगत भट्टाचार्य ने बंगाल सरकार को आदेश दिया कि वह दोनों शेरों के नाम बदल दे ताकि विवादों को खत्म किया जा सके। जज ने कहा कि देवी सीता की देश का बहुसंख्यक समाज पूजा करता है। इसके अलावा अकबर एक काबिल, सफल और सेकुलर मुगल शासक थे।

वहीं बंगाल सरकार ने शेरों के नामकरण का फैसला त्रिपुरा सरकार का बताया। बंगाल सरकार के वकीलों ने कहा कि इन शेरों का नाम त्रिपुरा में रखा गया था। इसके बाद इन्हें सिलीगुड़ी में ट्रांसफर कर दिया गया था। हालांकि अदालत ने कहा कि भले ही नाम त्रिपुरा में रखा गया था, लेकिन अब इन्हें बदला जाए। जज ने बंगाल सरकार के वकील से कहा, 'क्या आप अपने पालतू जानवर का नाम हिंदू देवता या मुस्लिम पैगंबर के नाम पर रखेंगे? मुझे लगता है कि यदि हमारे पास ऐसा अधिकार हो तो हम में से कोई भी अपने पालतू जानवर का नाम अकबर या सीता नहीं रखेगा। क्या कोई अपने जानवर का नाम रबींद्रनाथ टैगोर रख सकता है?'

जज ने कहा, 'देश का बहुसंख्यक समाज देवी सीता की पूजा करता है। मैं शेर का नाम अकबर रखने के भी पक्ष में नहीं हूं। वह एक योग्य शासक थे।' आप उन शेरों का नाम बिजली या ऐसा कुछ भी रख सकते हैं। लेकिन उनका नाम सीता और अकबर ही क्यों रखना है। बता दें कि विश्व हिंदू परिषद ने इस मामले में अर्जी दाखिल करते हुए आरोप लगाया है कि इस तरह के नामकरण से हिंदुओं की भावनाएं आहत होती हैं। इसके अलावा धर्म के अधिकार का भी इस तरह के नामकरण से उल्लंघन होता है। वीएचपी ने अदालत से मांग की है कि शेरनी का नाम सीता की बजाय कुछ और रख दिया जाए।

# IPL-2024 के 21 मैचों का शेड्यूल जारी

- **22 मार्च को CSK-RCB के बीच ओपनिंग मुकाबला**
- **17 दिन में 4 डबल हेडर होंगे**




इंडियन प्रीमियर लीग-2024 के 21 मैचों का शेड्यूल गुरुवार को जारी कर दिया गया। आम चुनाव के कारण इस सीजन का पूरा शेड्यूल जारी नहीं हुआ है। दूसरे फेज का शेड्यूल लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद जारी होगा।

इस सीजन का पहला मुकाबला 22 मार्च को डिफेंडिंग चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच चेपॉक स्टेडियम में खेला जाएगा।

पहले फेज में 22 मार्च से 7 अप्रैल तक का शेड्यूल जारी घोषित हुआ है। इस दौरान 17 दिन में 21 मैच खेले जाएंगे, इनमें 4 डबल हेडर (एक दिन में दो मुकाबले) शामिल होंगे।

| डेट | टीम-1 | टीम-2 | वेन्यू |
|---|---|---|---|
| 22 मार्च | CSK | RCB | चेन्नई |
| 23 मार्च | PBKS | DC | मोहाली |
| | KKR | SRH | कोलकाता |
| 24 मार्च | RR | LSG | जयपुर |
| | GT | MI | अहमदाबाद |
| 25 मार्च | RCB | PBKS | बेंगलुरु |
| 26 मार्च | CSK | GT | चेन्नई |
| 27 मार्च | SRH | MI | हैदराबाद |
| 28 मार्च | RR | DC | जयपुर |
| 29 मार्च | RCB | KKR | बेंगलुरु |
| 30 मार्च | LSG | PBKS | लखनऊ |
| 31 मार्च | GT | SRH | अहमदाबाद |
| | DC | CSK | विशाखापट्टनम |
| 1 अप्रैल | MI | RR | मुंबई |
| 2 अप्रैल | RCB | LSG | बेंगलुरु |
| 3 अप्रैल | DC | KKR | विशाखापट्टनम |
| 4 अप्रैल | GT | PBKS | अहमदाबाद |
| 5 अप्रैल | SRH | CSK | हैदराबाद |
| 6 अप्रैल | RR | RCB | जयपुर |
| 7 अप्रैल | MI | DC | मुंबई |
| | LSG | GT | लखनऊ |

### CSK नौवीं बार IPL का ओपनिंग मैच खेलेगी

CSK की टीम नौवीं बार IPL के किसी सीजन का पहला मुकाबला खेलेगी। इससे पहले टीम 8 दफा ऐसा कर चुकी है। टीम ने अब तक 10 फाइनल खेले हैं, इनमें 5 खिताब जीते हैं।

### CSK ने जीता था पिछला खिताब, GT को 5 विकेट से हराया

IPL के पिछले सीजन का खिताब महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी वाली चेन्नई सुपर किंग्स ने जीता था। टीम ने अहमदाबाद में फाइनल मुकाबले में गुजरात टाइटंस को 5 विकेट से हराया था। CSK और MI ने इस टूर्नामेंट में 5-5 खिताब जीते हैं।

# J&K के पूर्व गवर्नर सत्यपाल मलिक के घर CBI रेड

**कीरू हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट में 300 करोड़ की रिश्वत का मामला; 30 ठिकानों पर छापे**

**नई दिल्ली.** सीबीआई ने गुरुवार को पूर्व गवर्नर सत्यपाल मलिक के ठिकाने पर छापा मारा। साथ ही दिल्ली में 29 अन्य ठिकानों पर भी रेड की है। ये कार्रवाई कीरू हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट में करप्शन को लेकर की गई। सत्यपाल मलिक ने गवर्नर रहने के दौरान दावा किया था कि हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट की 2 फाइलें क्लियर करने के लिए उन्हें 300 करोड़ की रिश्वत की पेशकश की गई थी।

इससे पहले कीरू हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट को लेकर 6 जुलाई 2022 में भी देशभर में 16 जगहों पर छापेमारी की गई थी।



गुरुवार को रेड के बाद मलिक ने X पर पोस्ट किया और कहा कि किसान का बेटा हूं, छापों से नहीं घबराऊंगा।

### मलिक ने 2021 में लगाया था भ्रष्टाचार का आरोप

सत्यपाल मलिक ने 17 अक्टूबर 2021 को राजस्थान के झुंझुनू में एक कार्यक्रम में कहा था कि उन्हें जम्मू-कश्मीर का राज्यपाल रहते करोड़ों की रिश्वत ऑफर हुई थी। उस दौरान उनके पास दो फाइलें आई थीं। इनमें एक बड़े उद्योगपति और दूसरी महबूबा मुफ्ती और भाजपा की गठबंधन सरकार में मंत्री रहे एक व्यक्ति की थी। मलिक ने कहा था कि उनके सचिवों ने बताया कि इसमें घोटाला है, इसके बाद उन्होंने दोनों डील रद्द कर दी थीं।

मलिक ने ये भी कहा था कि उन्हें दोनों फाइलों के लिए 150-150 करोड़ रुपए देने का ऑफर दिया गया था। मलिक ने कहा, 'मैंने कहा था कि मैं पांच कुर्ता-पायजामे के साथ आया हूं और सिर्फ उसी के साथ यहां से चला जाऊंगा। जब CBI पूछेगी तो मैं ऑफर देने वालों के नाम भी बता दूंगा।'

### CBI ने दो अलग-अलग मामलों में दर्ज की FIR

CBI ने इस मामले में 2 FIR दर्ज की थीं। पहली FIR लगभग 60 करोड़ रुपए के कॉन्ट्रैक्ट को जारी करने में कथित भ्रष्टाचार से संबंधित है। यह रकम 2017-18 में जम्मू-कश्मीर कर्मचारी स्वास्थ्य देखभाल बीमा योजना का ठेका देने के लिए एक इंश्योरेंस कंपनी से रिश्वत के तौर पर ली गई थी।

**बोलेरो चला रहे ड्राइवर को आया हार्ट अटैक**

# शोभायात्रा में लोगों को कुचलते हुए निकली SUV

- **एक की मौत, 4 लोग घायल**

**नागौर.** विश्वकर्मा जयंती की शोभायात्रा में बोलेरो घुस गई। 4 लोगों को कुचलते हुए एसयूवी सड़क किनारे लगे ठेलों से जा टकराई। हादसे में गाड़ी के ड्राइवर की मौत हो गई। घायलों में दो की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना नागौर के डेगाना में गुरुवार सुबह 11 बजे हुई। हादसे का वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में बोलेरो लोगों को कुचलते हुए नजर आ रही है। जानकारी के अनुसार जांगिड़ समाज की ओर से शोभायात्रा निकाली जा रही थी। करवा गली के पास पीछे धीरे-धीरे चल रही बोलेरो के ड्राइवर ईशाक खान (60) पुत्र जवरुदीन को हार्ट अटैक आ गया और वह गाड़ी से नियंत्रण खो बैठा।

ड्राइवर को आए हार्ट अटैक से बोलेरो कुछ मीटर आगे चल रही विश्वकर्मा जयंती की शोभायात्रा में घुस गई। एकाकएक हुए घटनाक्रम से बाजार में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने घायलों को संभाला।



हादसे में हरिराम (78) पुत्र नारायण राम निवासी अलतवा और देवकरण (65) पुत्र प्रभुराम निवासी पुन्दलोता गंभीर घायल हैं। दोनों को अजमेर रेफर किया गया। वहीं, मेघाराम (62) पुत्र प्रेमा राम निवासी टंकीपुरा डेगाना और शिवराज (29) पुत्र धर्मीचंद निवासी डेगाना को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है।

### भतीजा बोला- सुबह से तबीयत खराब थी

भतीजे अनवर ने बताया- चाचा इसाक खान किराए पर गाड़ी चलाता है। गुरुवार सुबह भी वे सुबह 10 बजे गाड़ी लेकर बाजार गए थे। आज उनकी थोड़ी तबीयत खराब थी तो उन्होंने बुकिंग भी नहीं ली। इस कारण वे अस्पताल जा रहे थे। बाजार में उनका बेटा सद्दीक लहसुन का ठेला लगाता है। यहां से उन्होंने अपने बेटे को बैठाया था और कहा कि अस्पताल चलकर आते हैं। इसी दौरान आगे शोभायात्रा चल रही थी। अचानक चाचा इसाक की तबीयत बिगड़ गई और गाड़ी कंट्रोल से बाहर हो गई। ऐसे में, शोभायात्रा में जा रहे लोगों को चपेट में ले लिया। हादसे के बाद सद्दीक पिता को एंबुलेंस से अजमेर लेकर गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

# मंदिरों को मिलने वाले दान पर देना होगा टैक्स

- **कर्नाटक में नया कानून ला रही कांग्रेस सरकार**

**बंगलूरू.** कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने विधानसभा में 'कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती विधेयक 2024' पारित कर दिया है। विधानसभा में इस विधेयक के पास होने के बाद विपक्षी दल बीजेपी ने कांग्रेस की सिद्धारमैया सरकार को हिन्दू विरोधी कहा है। इस विधेयक के अंतर्गत एक कॉमन पूल फंड की स्थापना का प्रस्ताव है, जो राजस्व के आधार पर मंदिरों से मिलने वाले दान का टैक्स इकट्ठा करेगा। विधेयक के अनुसार, मंदिरों को दान मिले धन का 5 से 10 फीसदी तक टैक्स देना होगा।

कर्नाटक की सिद्धारमैया सरकार द्वारा विधानसभा में पास विधेयक 'कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती विधेयक 2024' के अनुसार, सरकार 1 करोड़ रुपये से अधिक राजस्व पाने वाले मंदिरों पर 10% कर लगाएगी। वहीं, 10 लाख रुपये से 1 करोड़ रुपये के बीच राजस्व उत्पन्न करने वाले मंदिरों पर 5% कर वसूला जाएगा।

### मंदिरों से टैक्स लेने का इरादा क्या है?

सरकार में मंत्री रामलिंगा रेड्डी ने विधानसभा में कहा कि फंड के उद्देश्यों में मंदिरों को सुविधाएं, बीमा कवरेज, मंदिर के पुजारियों के लिए मृत्यु राहत कोष और लगभग 40,000 पुजारियों के परिवारों के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति प्रदान करना शामिल है।

### कैटेगरी के आधार पर मंदिर और पुजारी

रेड्डी विभाग के अधिकार क्षेत्र में, लगभग 35,000 मंदिर मौजूद हैं, जिन्हें उनकी वार्षिक आय के आधार पर अलग-अलग श्रेणियों में विभाजित किया गया है। इनमें से, ग्रुप ए में 205 मंदिर आते हैं, जिनकी सालाना आय 25 लाख रुपये से अधिक है, जबकि ग्रुप बी में 193 मंदिर शामिल हैं, जिनकी कमाई 5 लाख रुपये से 25 लाख रुपये के बीच है।

### गुलमर्ग की अफरवाट चोटी पर एवलांच, एक टूरिस्ट की मौत

कश्मीर के टूरिस्ट स्पॉट गुलमर्ग में एवलांच की चपेट में आने से एक विदेशी टूरिस्ट की मौत हो गई। एक स्थानीय व्यक्ति और कुछ विदेशी लापता हैं, कुछ फंसे हुए हैं, जिनका हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू किया जा रहा है। अब तक 5 लोगों को बचाया गया है। इन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अफरवाट चोटी से लगे खिलान मार्ग पर गुरुवार (22 फरवरी) दोपहर 2 बजे यह बर्फीला तूफान आया। सेना के जवान और जम्मू-कश्मीर प्रशासन की एक पेट्रोलिंग टीम रेस्क्यू अभियान चला रही है। यह एवलांच ढलान पर हुआ, जिसमें कई स्कीयर फंस गए।

## संक्षेप...

### दुष्कर्मी को 20 साल सश्रम कारावास

**ठाणे.** 4 वर्षीय बच्ची के साथ दुराचार करने के मामले में दोषी ठहराते हुए (पोक्सो) ठाणे जिला न्यायाधीश दिनेश देशमुख ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए 20 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई और 5 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया. उक्त मामला वर्ष 2021 का है. दिवा परिसर का रहने वाला आरोपी पांडुरंग सुदाम शेलार ने बगल की रहने वाली एक मासूम बच्ची के साथ लैंगिक अत्याचार किया था. इस मामले में मुंब्रा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था.

# लोकसभा चुनाव में मुंबई की सभी 6 सीटों पर महायुति लहराएगी विजय पताका : फडणवीस

**मुंबई.** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दस साल में एक दिन भी घर नहीं बैठे हैं। दौरान एक मजबूत भारत का निर्माण हुआ। उन्होंने कहा यह ट्रेलर, पिक्चर अभी बाकी है

डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने ये बात बुधवार को मुंबई में भाजपा में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। भाजपा का ये कार्यकर्ता सम्मेलन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की अध्याक्ष्ज्ञता में आयोजित किया गया था।



इस मौके पर महाराष्ट्र डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने दावा किया कि मुंबई लोकसभा की सभी 6 सीटों पर महायुती विजय पताका लहराएगी। उन्होंने कहाभाजपा सत्ता का उपभोग नहीं बल्कि भारत को विकसित राष्ट्र, आर्थिक महासत्ता और विश्व गुरु बनाना चाहती है।

डिप्टी सीएम ने कहा पिछले 10 वर्षों में देश ने सुरक्षा, विकास और सुशासन के मामले में तेजी से विकास किया है। विश्व भर में भारत के सर्वांगीण विकास और बढ़ते सम्मान को देश की जनता महसूस कर रही है।

इसके साथ ही देवेंद्र फडणवीस ने कहा 25 साल में उद्धव ठाकरे ने मुंबई के लिए क्या किया? जब चुनाव आता है तो उनका एक ही संवाद होता है कि मुंबई को महाराष्ट्र से अलग कर दो। अगर किसी के बाप का बाप भी महाराष्ट्र से मुंबई आ जाए तो भी वह इसे नहीं तोड़ पाएगा। उन्होंने उद्धव ठाकरे की आलोचना करते हुए कहा है कि बातचीत बदलनी चाहिए। उन्होंन सवाल किया 25 साल में उद्धव ठाकरे ने मुंबईकरों के लिए क्या किया? इसके साथ ही देवेंद्र फडणवीस ने भाजपा के हर कार्यकर्ता को अगले 100 दिनों तक दिन रात मेहनत करने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में एक मजबूत सरकार बनाने में कार्यकर्ताओं की मेहनत महत्वपूर्ण होगी। क्योंकि भाजपा कार्यकर्ता ही संगठन के आधार स्तंभ और शक्ति है।

# गलत सैल्यूट करने पर पकड़ा गया नकली पुलिसकर्मी

- बहन को नकल कराने की फिराक में था
- वर्दी में नेम प्लेट भी गलत थी



**मुंबई.** बहन को एग्जाम में चीटिंग करवाने के लिए फर्जी तरीके से पुलिस बने शख्स को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान 24 साल के अनुपम मदन खंडारे के रूप में हुई है।

दरअसल, शख्स अपनी बहन को 12वीं की परीक्षा में नकल करवाना चाहता था। इसलिए वो वर्दी पहनकर फर्जी पुलिसकर्मी बन गया। लेकिन परीक्षा केंद्र पर जब उसने अधिकारियों को गलत तरीके से सैल्यूट किया तो पकड़ा गया।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 417, 419, 170, 171 और 1982 एक्ट की धारा 7 के तहत मामला दर्ज किया है। इसके बाद उसे हिरासत में ले लिया है।

अधिकारियों ने बताया कि पकड़े गए आरोपी अनुपम पांगरा बांदी का रहने वाला है। पातुर के शाहबाबू हाईस्कूल में उसकी बहन का 12वीं कक्षा की परीक्षा थी। अनुपम इस एग्जाम सेंटर पर पुलिस की वर्दी पहनकर पहुंच गया।

आरोपी युवक अपनी बहन को नकल कराने की फिराक में सेंटर के आसपास घूमने लगा। उस समय सुरक्षा के लिए पातुर पुलिस स्टेशन के पुलिस इंस्पेक्टर किशोर शेलके अपनी टीम के साथ परीक्षा केंद्र पर पहुंचे। सीनियर अफसर को देख अनुपम ने उन्हें सलाम किया, लेकिन पुलिस को उसकी सलामी देखकर शक हुआ। आरोपी युवक ने जो वर्दी पहनी थी, उस पर लगी नेम प्लेट भी गलत थी। ये सब सामने आने के बाद पुलिस ने उसकी जांच की। इसके बाद उससे पूछताछ कर तलाशी ली गई तो उसकी जेब से अंग्रेजी की नकल की कॉपी मिली।

# किसानों को न्याय दिलाने के लिए हम उनके साथ खड़े हैं

- किसानों की सभा में बोले केंद्रीय मंत्री कपिल पाटील
- वडवली-कोलीवाड़ा में शेतकरी संघर्ष समिति की सभा



**कल्याण.** कल्याण के पास वडवली में किसान आंदोलन में शामिल हुए केंद्रीय पंचायत राज राज्यमंत्री कपिल पाटील ने कहा कि किसानों की अज्ञानता का फायदा उठाकर भवन निर्माता ने गलत तरीके से अग्रीमेंट बनाया है। किसानों को उनका हक वापस दिलाने के लिए संबंधित भवन निर्माता से चर्चा कर समस्या का निराकरण करने का आश्वासन केंद्रीय मंत्री कपिल पाटील ने किसानों को दिया है। बतादें कि कल्याण से सटे अटाली, वडवली और कोलीवाड़ा के किसानों के साथ धोखाधड़ी किए जाने का आरोप करते हुए वडवली-कोलीवाड़ा शेतकरी संघर्ष समिति ने निर्मल लाइफस्टाइल डेवलपर के खिलाफ आंदोलन तेज़ कर दिया है। बुधवार को एक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें केंद्रीय मंत्री कपिल पाटील, कल्याण के विधायक विश्वनाथ भोईर, विधान परिषद के विधायक रमेश पाटील, भाजपा के शहर अध्यक्ष वरुण पाटील, शेतकरी संगठन के रमण तरे सहित स्थानिक किसान बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

बताया जाता है कि साल 2007-08 में वडवली, कोलीवाड़ा के किसानों ने उनकी जमीन डेवलपमेंट के लिए निर्मल लाइफस्टाइल बिल्डर को दी थी। किसानों का आरोप है कि बिल्डर ने अभी तक इमारत नहीं बनाई। किसानों की अज्ञानता का फायदा उठाकर अंग्रेजी भाषा में अग्रीमेंट बनाया और धोखाधड़ी की। इस दौरान मंत्री कपिल पाटील ने कहा कि किसानों को उनका मुआवजा या टीडीआर कब वापस दिया जाएगा इसका उल्लेख नहीं किया गया। रजिस्टर पावर ऑफ अटॉर्नी बिल्डर के पास होने से जमीनों पर करोड़ों का लोन उठाकर बिल्डर ने किसानों के साथ अन्याय किया है। मंत्री पाटील ने आगे कहा कि प्रशासन ने भी इस विषय को नजरअंदाज किया। यह मामला हब हमारे पास आया है, इसलिए हर पहलू की बारीकी से जांच कर किसानों को न्याय दिलाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी कंपनी अथवा बिल्डर किसानों की ज़मीन हड़प नहीं सकता। हम किसानों के साथ खड़े है।

# घरेलू छोटी गणेश मूर्ति शाडू मिट्टी से बनाने का आह्वान

- मूर्तिकारों के साथ बैठक



**ठाणे.** महाराष्ट्र राज्य में भगवान गणेश का पूजापाठ बड़े धूमधाम से किया जाता है।वहीं मनपा ने गणेशोत्सव पर्व को कई महीना है उससे पहले ही शहर के सभी मूर्तिकारों के साथ शाडू मिट्टी से भगवान गणेश की मूर्ति बनाने के लिए कहा है।मनपा अतिरिक्त आयुक्त(2) प्रशांत रोडे ने बताया कि पर्यावरण को देखते हुए इस मिट्टी से मूर्ति बनाने के लिए मनपा जगह,मिट्टी और बाकी सुविधाओं को देने के लिए तैयार है।यह बैठक मनपा के स्वर्गीय नरेंद्र बल्लाल सभागृह में आयोजित किया गया था जिसमें उपायुक्त वर्षा दीक्षित,मुख्य पर्यावरण अधिकारी मनीषा प्रधान व मूर्तिकार आदि उपस्थित थे।इस मिट्टी से मूर्ति बनाने के लिए अधिक समय लगता है इसलिए मनपा खाली जगह 12 महीने के लिए उपलब्ध करेगी।साथ ही जो मूर्तिकार अधीकृत है वह अपना पहचान पत्र मनपा में जमा करें।

### मुम्बई में हीरानंदानी ग्रुप के खिलाफ ED की बड़ी कार्रवाई, कई ठिकानों पर रेड: सूत्र

मुंबई में हीरानंदानी ग्रुप के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय यानी ED ने बड़ी कार्रवाई की है. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (FEMA) के तहत हीरानंदानी ग्रुप से जुड़े ठिकानों पर रेड किया गया है. बता दें कि यह कोई पहला मामला नहीं है जब हीरानंदानी ग्रुप के खिलाफ ED ने कोई रेड की है. इससे पहले 2022 में भी प्रवर्तन निदेशालय (Enforcement Directorate) की टीम ने जाने माने बिल्डर हीरानंदानी ग्रुप के 24 ठिकानों पर छापेमारी की थी.

इंटर डिविजनल बॉल बैडमिंटन टूर्नामेंट में

# SST कॉलेज की लड़कों की टीम दूसरे और लड़कियों की टीम तीसरे स्थान पर




**उल्हासनगर.** मुंबई विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर विभागीय बॉल बैडमिंटन टूर्नामेंट हाल ही में जीएन खालसा कॉलेज, माटुंगा मुंबई में आयोजित किया गया था। इस प्रतियोगिता में एसएसटी कॉलेज, उल्हासनगर की लड़कों की टीम ने कड़ी टक्कर देते हुए दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि लड़कियों की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान हासिल किया। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतियोगियों का चयन अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं के लिए किया जाएगा। लड़कियों की टीम में सुमन रॉय, मोनू पवार, राधा पांडे और गोल्डी पांडे शामिल थे जबकि लड़कों की टीम में मायरोन जॉन, मोरेश्वर भोईर, सुजय पालव और मयंक जगताप शामिल थे। कॉलेज के कोच दीपक खरात ने इन विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। विजेता खिलाड़ियों को कॉलेज प्रबंधन, प्राचार्य, सभी शिक्षकों, अन्य स्टाफ और विद्यार्थियों ने अभिनंदन किया।

# रेज़िडेंट डॉक्टरों ने शुरू की अनिश्चितकालीन हड़ताल

**मुंबई.** महाराष्ट्र में सेंट्रल महाराष्ट्र एसोसिएशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स (एमएआरडी) के सदस्यों ने बुधवार (21 फरवरी) से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी. उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने 10 दिन की अवधि देने के बावजूद उनके द्वारा उठाई गईं विभिन्न मांगों को पूरा नहीं किया है. इस हड़ताल के दौरान आवश्यक उपाय के रूप में आपातकालीन सेवाएं बरकरार रखी जाएंगी. रेजिडेंट डॉक्टरों द्वारा उठाई गईं मांगों में बेहतर छात्रावास सुविधाएं, बकाया राशि जारी करना और वेतन में बढ़ोतरी शामिल है.

रिपोर्ट के मुताबिक, सेंट्रल एमएआरडी द्वारा बुधवार को जारी एक नोटिस में कहा गया है, 'हम दोहराते हैं कि रोगी की देखभाल हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और जिम्मेदारी की गहरी भावना के साथ हम यह कदम उठाते हैं. हमारा इरादा सेवाओं को बाधित करना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि अधिकारी रेजिडेंट डॉक्टरों के प्रति अपने दायित्वों को पूरा करें, जो स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली की रीढ़ हैं.'

एमएआरडी के अध्यक्ष डॉ. अभिजीत हेगले ने कहा कि 7 फरवरी के आश्वासन के बावजूद रेजिडेंट डॉक्टरों की चिंताओं को दूर करने की सरकार की प्रतिबद्धताएं अधूरी हैं.

उन्होंने उप-मुख्यमंत्री अजीत पवार और चिकित्सा शिक्षा मंत्री हसन मुश्रीफ द्वारा किए गए वादों पर प्रकाश डाला, जिनमें छात्रावास की मरम्मत एवं निर्माण हेतु आवश्यक धनराशि का तत्काल अनुदान, लंबित वेतन और बकाया जारी करने के साथ वेतन भुगतान का नियमितीकरण, वेतन में 10,000 रुपये की बढ़ोतरी शामिल हैं. डॉ. हेगले ने कहा, 'इन प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में देरी के कारण हमारे पास अपने अधिकारों की रक्षा के लिए निर्णायक कार्रवाई करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है.' हड़ताल पर टिप्पणी करते हुए जेजे अस्पताल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि उन्होंने मरीजों की जरूरतों को पूरा करने के लिए विशेष व्यवस्था की है. अधिकारी ने कहा, 'हमने वरिष्ठ डॉक्टरों और प्रोफेसरों को ओपीडी ड्यूटी में शामिल होने के लिए कहा है. साथ ही, हमने कमियों को भरने के लिए बीएमसी संचालित अस्पतालों से अतिरिक्त कर्मचारी भी मांगे हैं.'

# स्पा सेंटर की आड़ में चल रहा था देह व्यापार

- गैंग की सरगना महिला गिरफ्तार

**नवी मुंबई.** नवी मुंबई में पुलिस ने स्पा सेंटर की आड़ में चलाए जा रहे है एक सेक्स रैकेट का पर्दाफाश किया है. पुलिस ने देह व्यापार के इस काले धंधे की सरगना एक महिला को गिरफ्तार कर लिया है.

वाशी स्थित मॉल में संचालित एक स्पा सेंटर की आड़ में वेश्यावृत्ति रैकेट चलाने की शिकायत पुलिस को लगातार मिल रही थी. उसी शिकायत के आधार पर पुलिस ने उस स्पा सेंटर पर छापेमारी की और वहां से देह व्यापार के आरोप में एक 40 वर्षीय महिला को गिरफ्तार कर लिया है.

नवी मुंबई पुलिस की मानव तस्करी विरोधी सेल के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मंगलवार की शाम को एक नकली ग्राहक को स्पा सेंटर में भेजा था. उस वक्त लगभग 20 साल की उम्र की दो लड़कियां भी वहां मौजूद थीं, जो आउटलेट पर काम कर रही थीं.

इंस्पेक्टर पृथ्वीराज घोरपड़े ने आगे बताया कि पुलिस टीम ने जब उन दोनों से पूछताछ की तो पता चला कि उन्हें जबरन देह व्यापार में धकेला जा रहा था. उनके साथ ऐसा करने वाली महिला ही इस रैकेट की सरगना निकली. पुलिस ने कथित तौर पर उन्हें वेश्यावृत्ति में धकेलने वाली उस महिला को गिरफ्तार कर लिया है. इसके बाद पुलिस अधिकारी ने बताया कि स्पा से रेस्क्यू की गई दोनों लड़कियों को बचाव गृह भेज दिया गया है.

# छात्रों को बंदर ने काटा

**पनवेल.** पनवेल तहसील के तहत आने वाले शिरढोण गांव के एक निजी स्कूल में पढ़ने वाले 4 छात्रों पर एक बंदर द्वारा हमला करने की घटना प्रकाश में आई है. इस बंदर ने छात्रों को दौड़ा-दौड़ा कर काट लिया.

मिली जानकारी के अनुसार शिरढोण गांव और आसपास के इलाके के छात्र रोजाना की तरह उक्त स्कूल में गए थे. इसी दौरान एक बंदर स्कूल परिसर में घुस आया. जिसे कक्षाओं में घुसते देखकर छात्र अपनी कक्षा छोड़कर भागने लगे. बताया जाता है कि इसी दौरान बंदर ने 4 छात्रों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया. कहा जाता है कि स्कूल के लोगों ने बंदर को भगाने की कोशिश भी की. तब तक यह बंदर 4 छात्रों को बंदर के पैर में काट लिया.

## महाराष्ट्र शासन
## सार्वजनिक बांधकाम विभाग

ई मेल पत्ता :- thane2.ee@mahapwd.gov.in दुरध्वनी/फॅक्स क्रमांक : 022-25361393

### ई निविदा सुचना क्रमांक 75 सन 2022-23

कार्यकारी अभियंता, सा.बां. विभाग क्र.2, ठाणे जिल्हा ठाणे महाराष्ट्र शासनाच्या सार्वजनिक बांधकाम विभागाकडे योग्य त्या वर्गातील फक्त ठाणे जिल्ह्यातील नोंदणीकृत मजुर सहकारी सोसायटीकडून खालील कामांकरिता ब-1 नमुन्यातील निविदा ई-निविदा प्रणालीव्दारे (ऑनलाईन) निविदा http://mahatenders.gov.in या संकेत स्थळावर मागवित आहेत. निविदा कागदपत्र शासनाच्या संकेतस्थळावर http://mahatenders.gov.in येथून डाऊनलोड करण्याकरिता उपलब्ध आहेत. (वरीलपैकी काही अथवा सर्व निविदा स्विकारण्याचा अथवा नाकारण्याचा अधिकार कार्यकारी अभियंता, सा.बां. विभाग क्र. 2, ठाणे यांनी रोखून ठेवला आहे. अट असलेली निविदा स्विकारली जाणार नाही.)

**कामाचे नांव** :-

1) मुरबाड तालुक्यातील आसोळे विभाग हायस्कुल व कनिष्ठ महाविद्यालय आसोळे ता. मुरबाड माध्यमिक विद्यालय वर्ग खोल्या बांधकाम करणे. (खासदार स्थानिक विकास कार्यक्रम), अंदाजित किंमत : रु. 15,51,210/-
2) शहापुर तालुक्यातील साजीवली गाव देवीपाडा अंतर्गत रस्ता तयार करणे. (आदिवासी विकास कार्यक्रम), अंदाजित किंमत :- रु. 16,48,618/-
3) मुरबाड तालुक्यातील टोकावडे येथे समाज हॉल बांधणे. (खासदार स्थानिक विकास कार्यक्रम), अंदाजित किंमत :- रु. 16,00,646/-
4) मुरबाड तालुक्यातील म्हसा येथे स्मशानभूजवळ साकाव बांधणे (डीपीसी वर्क), अंदाजित किंमत :- रु. 19,99,073/-
5) मुरबाड तालुक्यातील संगमेश्वर तीर्थक्षेत्र परीसर विकास पायाभूत सुविधा व सुशोभिकरण करणे (पर्यटन स्थळ विकास), अंदाजित किंमत रु. 20,92,455/-
6) शहापुर तालुक्यातील डोहळेपाडा रस्ता तयार करणे. (आदिवासी विकास कार्यक्रम), अंदाजित किंमत :- रु. 24,39,504/-
7) शहापुर तालुक्यातील नडगाव जा. येथे साकाव बांधणे. (डिपीडीसी वर्क), अंदाजित किंमत : रु. 24,39,602/-
8) शहापुर तालुक्यातील भागदल कांता माळ येथे साकाव बांधणे. (डिपीडीसी वर्क), अंदाजित किंमत :- रु. 24,45,612/-
9) शहापुर तालुक्यातील पाषाणे आदिवासी रस्त्यावर साकाव बांधणे. (डिपीडीसी वर्क), अंदाजित किंमत :- रु. 24,46,707/- 10) शहापुर तालुक्यातील खातिवली रेल्वेपाडा येथे साकव बांधणे. (डिपीडीसी वर्क), अंदाजित किंमत :- रु. 24,46,183/-
11) शहापुर तालुक्यातील कोठारे उपकेंद्र रस्ता तयार करणे. (आदिवासी विकास कार्यक्रम), अंदाजित किंमत :- रु. 24,61,704/-

**ई-निविदा उपलब्ध कालावधी :-** दि. 22/02/2024 ते दि. 29/02/2024
**ई-निविदा उघडणे :-** दि. 02/03/2024

खालील संकेतस्थळांवर ई-निविदांची सर्व माहिती उपलब्ध आहे.
1) http://mahapwd.com
2) http://mahatenders.gov.in
(सदर निविदेसुचनेमध्ये काही बदल होत असल्यास वरील संकेतस्थळांवर कळविण्यात येईल.)
3) कार्यकारी अभियंता, सा.बां. विभाग क्र.2, ठाणे कार्यालयातील सूचना फलक
4) ई निविदा पोर्टलवर बीड लॉक झाल्यानंतर निविदांबाबत निविदेमध्ये नमुद कागदपत्रांच्या हार्ड कॉपी 1 (एक) प्रतीत कंत्राटदारांनी निविदा सुचनेनुसार नमुद वेळेपूर्वी सादर करणे अनिवार्य राहिल.

जा.क्र. साबांविक्र.2/ठाणे/ई-निविदा/2023-24/2291
कार्यकारी अभियंता यांचे कार्यालय,
सा.बां. विभाग क्र. 2, ठाणे,
सा.बां. आवार, स्टेशन रोड, ठाणे-400 601.
दिनांक :- 16/02/2024

सही/-
**कार्यकारी अभियंता**
सा.बां. विभाग क्र.2, ठाणे

# 'मैं शादीशुदा हूं'
## अमीषा पटेल ने मचाई खलबली



बॉलीवुड एक्ट्रेस अमीषा पटेल हमेशा ही किसी न किसी वजह से खबरों में छाई रहती हैं। अमीषा के लिए बीता साल काफी लकी रहा। उनकी फिल्म 'गदर 2' से एक बार फिर से उनका करियर पटरी पर लौटा। फिल्म में बॉक्स ऑफिस पर बम्पर नोट छापे। वहीं, पर्दे पर सनी देओल और अमीषा की जोड़ी को देख दर्शक काफी खुश नजर आए। इसी बीच अब 48 साल की सकीना यानी अमीषा के एक इंटरव्यू ने सोशल मीडिया पर खलबली मचा दी है। इस इंटरव्यू में अमीषा ने कहा कि वो 'शादीशुदा' हैं। ऐसे में अब सवाल ये उठता है कि आखिर उनका दूल्हा कौन है और उन्होंने कब शादी हुई?

### कौन है दूल्हा?

अमीषा पटेल का एक बयान इस वक्त सोशल मीडिया पर चर्चा में बना हुआ है, जिसमें उन्होंने अपनी शादी को लेकर एक ऐसी बात कहीं जो सुर्खियों में आ गई है। 'गदर' एक्ट्रेस ने हाल ही में फिल्मीज्ञान को अपना एक इंटरव्यू दिया है। इस इंटरव्यू में अमीषा ने कहा, 'मैं शादीशुदा हूं। असल जिंदगी में मैंने भले ही शादी नहीं की है, लेकिन मैं एक शख्स को बेहद प्यार करती हूं। इस शख्स को मैं अपना पति मान चुकी हूं।'

### इस हॉलीवुड के एक्टर को मानती हैं दिल से अपना पति

इसी इंटरव्यू में अमीषा पटेल ने आगे कहा, 'हॉलीवुड एक्टर टॉम क्रूज को मैं बेहद पसंद करती हूं। मैं उन पर अपनी जान छिड़कती हूं। टॉम को मैं अपने दिल और दिमाग दोनों से ही पति मान चुकी हूं। अब वो ही मेरे लिए सब कुछ हैं।' अमीषा के इस बयान के बाद सोशल मीडिया यूजर्स काफी शॉक्ड हैं। अमीषा पटेल के वर्कफ्रंट की बात करें तो वो आखिरी बार सनी देओल के साथ फिल्म 'गदर 2' फिल्म में नजर आई थीं। 22 साल के बाद 'गदर 2' फिल्म ने पर्दे पर फिर से वहीं दम दिखाया जो 'गदर' ने दिखाया था। इस फिल्म को इसे दर्शकों का भरपूर प्यार मिला।

### 26 फरवरी को भूख हड़ताल पर बैठेंगे माथाड़ी कामगार

**नवी मुंबई.** नवी मुंबई कृषि मंडी के हजारों माथाड़ी कामगार अपनी विविध मांगों को लेकर 26 फरवरी से भूख हड़ताल पर बैठने की तैयारी में हैं. इस बाबत माथाड़ी कामगार ट्रांसपोर्ट एवं जनरल कामगार यूनियन ने सरकार को चेतावनी दी है कि यदि 25 फरवरी तक संशोधित माथाड़ी कानूनों को रद्द नहीं किया गया तो श्रमिक मुंबई के आजाद मैदान की ओर कूच करेंगे और भूख हड़ताल करेंगे. इस दौरान नवी मुंबई के पांचों मंडियों में कामकाज ठप रखने की भी चेतावनी दी गई है. माथाड़ी कानून बचाव कार्यसमिति के नेता पूर्व विधायक नरेंद्र पाटिल ने बताया कि सरकार ने माथाड़ी संशोधन अधिनियम में ऐसा प्रावधान कर दिया है जिससे 80 फीसदी माथाड़ी श्रमिक बेरोजगार हो जाएंगे. उन्होंने कहा कि माथाड़ी श्रमिक पहले से ही अपने हक और अधिकार की मांग कर रहे हैं ऐसे में सरकार हक देने की बजाय उनकी रोजी रोटी छीनने के फिराक में लगी है. बता दें कि नरेंद्र पाटिल खुद सत्तारूढ़ बीजेपी के नेता हैं.

जानकारी के अनुसार राज्य विपणन विभाग ने 16 जनवरी को एक अधिसूचना जारी की है. जिसमें एपीएमसी नियमन से जुड़े प्रावधान हैं. माथाड़ी कामगार संगठनों का मानना है कि इससे बाजार श्रमिक और बुरी हालत में चले जाएंगे. उन्हें मार्केट में काम नहीं मिलेगा तो रोजी रोटी खत्म हो जाएगी. संगठनों की मांग है कि यह निर्णय रद्द होना चाहिए.

Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel
उल्हास वि NEWS
आपकी आवाज 15 सेकंड का वीडियो 9322233577
इस नंबर पर भेजकर हमारे न्यूज के जरिए अपनी समस्या प्रशासन तक पहुंचाएं।

संस्थापक संपादक- स्व. श्री अशोक उकाराम बोधा




यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099